'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष : 02 | अंक : 34 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | सोमवार 03 फरवरी 2025 | samachargate@gmail.com




# इस बार जनविश्वास 2.0 के तहत 100 कानूनों को खत्म करेगी मोदी सरकार

## नया टैक्स कानून अगले सप्ताह संसद में पेश होगा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 से 5 लाख रुपये हुई


**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने टैक्स पर उम्मीद से भी बड़ी राहत दे दी है। वित्त मंत्री ने कहा है कि 12 लाख रुपये तक की इनकम पूरी तरह टैक्स फ्री होग। इसके साथ ही सरकार नया टैक्स कानून भी ला रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि नया टैक्स कानून के लिए अगले सप्ताह संसद में विधेयक पेश किया जाएगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, मिडल क्लास पर खास फोकस रखा। वित्त मंत्री ने जहां आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने की घोषणा की तो एआई के लिए सेंटर फॉर एक्सिलेंस की स्थापना का भी ऐलान किया। आइए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की प्रमुख घोषणाओं पर एक नजर डालें।

12 लाख रुपये तक के इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

बिहार में मखाना बोर्ड का गठन होगा। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन की सीमा 3 लाख से रुपये बढ़कर 5 लाख रुपये हुई। बिहार में नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड टेक्नॉलजी, आंट्रप्रन्योरशिप, एंड मैनेजमेंट की स्थापना की जाएगी। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वर्ष 2015 के बाद स्थापित आईआईटीज में इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का ऐलान किया गया। इससे 6,500 सीटें बढ़ जाएंगी। आईआईटी पटना का विस्तार किया जाएगा।



एआई के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना होग। वित्त मंत्री ने इसके लिए 500 करोड़ रुपये के बजंट आवंटन की घोषणा की है।

पांच विश्वस्तरीय स्किल सेंटर बनेंगे जिनकी विदेशों के साथ भागीदारी होगी। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्यों को 50 वर्ष के लिए 1.5 लाख करोड़ का ब्याज मुक्त कर्ज दिया जाएगा।

मेडिकल की पढ़ाई के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में कॉलेजों और अस्पतालों में 10 हजार नई सीटें जोड़ी जाएंगी। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में नई सीटों की संख्या बढ़ाकर 75 हजार करने का है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (टरटए) का निवेश और टर्नओवर लिमिट क्रमशः ढाई गुना और दोगुना किया गया। महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति वर्ग के लोगों के पहली बार बिजनस शुरू करने पर 5 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

उड़ान योजना नए स्वरूप में पेश की जाएगी। योजना के तहत 12 नए डेस्टिनेशंस जोड़े जाएंगे जिनसे 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों के जुड़ने का लक्ष्य है।

2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है।

1 लाख करोड़ रुपये का अर्बन चैलेंज फंड की घोषणा की गई है। इस फंड से रचनात्मक पुनर्विकास को बल मिलेगा। साथ ही, पानी और स्वच्छ बुनियादी ढांचे पर जोर दिया जाएगा।

अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डेकेयर कैंसर सेंटर्स की स्थापना की जाएगी।

टैक्स रिजीम में बड़ा बदलाव होने वाला है। वित्त मंत्री ने अगले सप्ताह संसद में नया टैक्स विधेयक पेश करने की घोषणा की है।

जनविश्वास 2.0 के तहत 100 कानूनों को खत्म करेगी मोदी सरकार।

टैक्स रिजीम में बड़ा बदलाव होने वाला है। वित्त मंत्री ने अगले सप्ताह संसद में नया टैक्स विधेयक पेश करने की घोषणा की है।

36 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह से हटाया गया। 6 लाइव सेविंग दवाओं पर 6 फीसदी कस्टम ड्यूटी।

## सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो: दलित युवती प्रकरण पर मायावती ने कहा

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है। मायावती ने कहा, यह बेहद दुःखद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था, बेहद दुःखद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं। उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है। यादव ने कहा था, प्रशासन ने तीन दिन पहले ही अगर परिवार की सूचना पर ध्यान दिया होता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी। सपा प्रमुख ने इसी पोस्ट में मांग की थी, ह्लहम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो दोषी हैं और जिन पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरती है, उन सबके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में शनिवार को पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) की लापता युवती का निर्वस्त्र शव बरामद किया था, जिसकी बेरहमी से हत्या कर आंखें निकाल ली गई थीं

## बसंत पंचमी पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत रक्तदान

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**कुरुक्षेत्र।** बसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रपति पुलिस पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर के संचालन में भरपूर योगदान दिया। शिविर में 15 इकाई रक्तदान हुआ। शिविर के साथ साथ हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश कुमारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति पर पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गयी। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पैदल जागरूकता यात्रा से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के नेतृत्व में रात दिन अथक प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा में ही नहीं अपितु भारत में अब ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट (www.ncb-manas.gov.in) MANAS) पोर्टल अथवा 1933 पर दी जा सकती है।



## जनता के आशीर्वाद और समर्थन से चुनाव जीतकर आया हूं: विपुल गोयल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री और फरीदाबाद के विधायक विपुल गोयल ने रविवार को अपने सेक्टर 16 स्थित कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों और विभागों को निर्देश भी जारी किए। जनता दरबार के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को सीधे विधायक और मंत्री से संपर्क करने का अवसर मिला। विपुल गोयल ने कहा, "मैं जनता के आशीर्वाद और समर्थन से चुनाव जीतकर आया हूं, इसलिए मेरी प्राथमिकता जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को हल करना और उनकी हरसंभव सहायता करना है। यह मेरी जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरी निष्ठा और सजगता से निभाऊंगा। जनता दरबार के बाद विपुल गोयल ने फरीदाबाद में विभिन्न सामाजिक और औद्योगिक कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने एनआईटी रोड स्थित एक साड़ी शोरूम का उद्घाटन किया और नए उद्यमियों को शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रकाश डालते हुए कहा, "कपड़ा उद्योग के लिए राष्ट्रीय कपास मिशन की घोषणा और टेक्सटाइल मंत्रालय को अतिरिक्त ड्ढ6000 करोड़ का बजट आवंटन एक बड़ा कदम है। इससे कपड़ा उद्योग को मजबूती मिलेगी और नए अवसर सृजित होंगे। आज इस शोरूम का उद्घाटन इस क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं को दशार्ता है।"

## प्रत्येक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास शिक्षा विभाग की प्राथमिकता: महीपाल सिंह ढांडा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा ने कहा है कि हरियाणा के हर एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए हरियाणा सरकार कृतसंकल्प है। इस नीति को जल्द से जल्द लागू करने के संदर्भ में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा आज झाड़सा स्थित सी.आर. मॉडल पब्लिक स्कूल में दीनबंधु सर छोटूराम की 144वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। सर छोटूराम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी की ओर से आयोजित किए गए इस समारोह में उन्होंने कहा कि देश में दबे, कुचले, शोषित वर्ग की भलाई के लिए सर छोटूराम ने ऐतिहासिक काम किए। राजस्व मंत्री के रुप में उन्होंने कलम की ताकत मिलते ही भारी कर्ज के बोझ तले दबे किसानों को न्याय दिलवाया। ऐसे क्रांतिकारी निर्णय लेने वाले नेता ने जो बोलना सीख ले और दुश्मन को पहचान लें का मूलमंत्र दिया है, उस पर गहनता से विचार कर अमल किया जाना चाहिए। सर छोटूराम की बात का अर्थ है कि हमें कब, क्या और कैसे बोलना है, इसकी तहजीब होनी चाहिए तथा जो लोग हमारी संस्कृति व संस्कारों पर चोट करें, उनसे सावधान रहना है। शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा ने कहा कि हमें बच्चों को केवल डिग्री धारक बनाने की नहीं, अपितु ऐसी शिक्षा देनी होगी, जिससे उनके चरित्र का उत्थान हो और उन्हें दक्षता के आधार पर सही रोजगार मिल सके। बच्चों को ऐसे शूरवीरों, महापुरुषों का इतिहास पढ़ाया जाए, जिन पर वे गर्व की अनुभूति करें और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योगदान दें। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत का दुनिया में गौरव बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत का सम्मान किया जा रहा है। वर्ष 2047 तक हम सबको मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दिशा में हमें अभी से संकल्पवान होकर प्रयास करने होंगे। मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक विकास के लिए सर छोटूराम सोसाइटी को 21 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल के ई-ब्लॉक की भी आधारशिला रखी। इससे पहले देवी सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्जवलित कर शिक्षा मंत्री ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में गुड़गांव के विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम ने शिक्षा और किसानों की खुशहाली पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए 24 फसलों पर एमएसपी को लागू किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति समर्पित हरियाणा प्रदेश में बेटियां उच्च शिक्षा हासिल करने के साथ-साथ ओलंपिक में मेडल भी ला रही हैं। उन्होंने संस्था को एक लाख रुपए का अनुदान दिया।



इस अवसर पर विधायक तेजपाल तंवर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष गोपीचंद गहलोत, पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल यादव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से प्रेरित व लोक संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सर छोटूराम सोसाइटी के सचिव के.के. श्योकंद ने अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। समारोह में वित्त विभाग के आयुक्त जयवीर आर्य, पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल, सुरेंद्र गहलोत, सोसाइटी प्रधान राजवीर ठाकरान, सुमन दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन कसाना, डीईईओ मुनीराम, बीईओ सुमित्रा सिंह, रेडक्रास सोसायटी सचिव विकास कुमार, अत्तर सिंह संधू, कमल गांगोली, धर्मवीर कटारिया, आजाद सिंह नेहरा आदि मौजूद रहे।


रस्म पगड़ी



CH. MEMBER SINGH TONGER
18/7/1943 - 26/1/2025

अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारे पूजनीय पिताजी

चौधरी मेम्बर सिंह टोंगर

का स्वर्गवास रविवार, 26 जनवरी 2025 को हो गया है। जिनकी

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

मंगलवार, दिनांक 04 फरवरी 2025 को होगा

हवन:- प्रात: 8 बजे

ब्रह्मभोज:- प्रात: 11 बजे

-: स्थान :-

मकान नं0 :- 47 शिव कॉलोनी गली नंबर 1,

(बल्लभगढ़, फरीदाबाद)

-: शोकाकुल :-

मनोज टोंगर (पुत्र),अजय टोंगर (पुत्र),राज टोंगर (पुत्र),यतेंद्र, दीपक, खुशविंदर, देव (पौत्र) एवं समस्त टोंगर परिवार.

InvitationIndia.in

## सक्षिप्त खबर

### मां-बाप की आंखों के सामने 2 साल के मासूम की गई जान

कुरुक्षेत्रः कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दंपती गंभीर घायल हो गए जबकि उनका दो साल का मासूम बेटे की मौत हो गई। जिला यमुनानगर के छछरौली के पास मकारापुर के रहने वाले हन्नी (32) अपनी पत्नी लखविंदर कौर (28) और बेटे एकम के साथ बहन की शादी का कार्ड देने शाहाबाद के गोगपुर में अपने ससुराल आया था। कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। इससे वे सड़क पर जा गिरे, जिसमें दंपती घायल हो गए जबकि एकम को अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दंपती को भी चिकित्सकों ने शाहाबाद से रेफर कर दिया।

कुछ दिन बाद ही हन्नी की बहन की शादी है, जिसकी तैयारी जोरों पर की जा रही थी लेकिन इस हादसे के चलते उनकी खुशी मातम में बदल गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ये क्या...अंबाला स्कूल में हुई ऐसी प्रतियोगिता, सब हो गए हैरान

अंबाला : आपने स्कूलों में अक्सर कई प्रतियोगिताएं देखी होंगी। लेकिन इस प्रतियोगिता को देख सब हैरान हो गए। अंबाला के सोहन लाल डी.ए.वी. शिक्षा महाविद्यालय में एक राष्ट्रीय हवन यज्ञ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 50 से अधिक विद्यालयों और महाविद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

यह अनूठा आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कोहली के मार्गदर्शन में और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस भव्य कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

### हरियाणा में उधार वापस मांगने पर मिली मौत, आरोपी ने ऐसे रची थी साजिश



गुरुग्राम : हरियाणा में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है जहां गुरुग्राम में 46 वर्षीय कैशियर की हत्या कर दी गई। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि सहकर्मी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने वारदात में शामिल बिहार के रहने वाले टैक्सी चालक और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक गुरुग्राम के बिनौला गांव में खाली प्लॉट में 23 जनवरी को शव बरामद किया गया था। इस बारे में पता लगने पर गांव वालों ने पुलिस को सूचित किया गया। जिसके बाद गांव के सरपंच की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 46 वर्षीय राकेश के तौर पर हुई। राकेश दिल्ली का रहने वाला था और गुरुग्राम में निजी कंपनी में कैशियर के तौर पर काम करता था। उनकी कंपनी में अवनीश नाम का व्यक्ति राइडर के तौर पर काम करता था।

अवनीश ने साल 2024 में दिवाली के समय कैशियर राकेश से 30,000 रुपये उधार लिए थे। पुलिस का कहना है कि रकम नहीं चुका पाने के कारण अवनीश ने अपने दोस्त बॉबी के साथ मिलकर राकेश की हत्या की साजिश रची। जिसके बाद आरोपियों ने राकेश को पैसे लौटाने के बहाने 22 जनवरी को शंकर चौक के पास बुला लिया था। जिसके बाद आरोपी राकेश को बॉबी की कार में पंचगांव चौक लेकर चले गए। बॉबी कुमार और अवनिश ने राकेश का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शव को बिनौला गांव के खाली प्लॉट में फेंक दिया था।

# मंत्री पद छोड़ने के सवाल पर विज का बड़ा बयान, छीनना हो तो छीन ले मुझे कोई फर्क नही पड़ने वाला



**हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के अपनी ही सरकार के प्रति अभी भी तेवर मुखर ही नजर आ रहे हैं। आज तो उन्होंने अपने मंत्री पद छोड़ने के सवाल पर सीधा सा जवाब दे दिया कि छीनना चाहते हैं**

रोहतक : हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल विज के अपनी ही सरकार के प्रति अभी भी तेवर मुखर ही नजर आ रहे हैं। आज तो उन्होंने अपने मंत्री पद छोड़ने के सवाल पर सीधा सा जवाब दे दिया कि छीनना चाहते हैं तो छीन ले मुझे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं, लेकिन मेरी वरिष्ठता को कोई नहीं छीन सकता। मैं सात बार का विधायक हूं और आवाज उठाने के पीछे मेरा उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री विधायक मंत्रियों व जनता की आवाज सुने। अनिल विज आज रोहतक में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। विज ने कहा कि जो आवाज वे उठा रहे हैं उसके पीछे कारण यही है कि हरियाणा सरकार ठीक ढंग से कम करें और मुख्यमंत्री विधायक, मंत्रियों व जनता की आवाज को सुने। जहां तक मंत्री पद छोड़ने की बात है तो मैने ना तो कभी मुख्यमंत्री का पद मांगा और ना ही मंत्री और ना ही मुख्यमंत्री का पद मांगा, मंत्री रहते हुए भी उन्होंने कोई आवास नहीं लिया है। अगर अब इस पद को कोई छीनना चाहता है तो बेशक छीन ले उन्हें कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। गाड़ी भी मेरे कार्यकर्ता देने की बात कह रहे हैं।वहीं उन्होंने दिल्ली यमुना विवाद को लेकर कहा कि अरविंद केजरीवाल तो झूठों के सरदार हैं और वह इसके माध्यम से जनता में डर का माहौल पैदा करना चाहते हैं जो गैरकानूनी है। अरविंद केजरीवाल पर खुद भ्रष्टाचार के आरोप है और वह जमानत पर बाहर हैं। दिल्ली की जनता अब भ्रष्टाचारियों को सत्ता नहीं सपेगी। साथ ही उन्होंने बजट पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को तो पढ़ना भी नहीं आता है। बजट में किसानों वह आम जनता को लेकर बेहतरीन प्रावधान किए हैं। विज ने कहा कि वह हरियाणा रोडवेज को नंबर वन बनाकर ही छोड़ेंगे, जिसके लिए बस स्टैंड पर बेहतरीन खाना मिले, उसके लिए उन्होंने हरियाणा टूरिज्म विभाग के साथ एमओयू साइन किया है और फिलहाल 5 बस स्टैंड पर उनके खाने की सुविधा शुरू हो जाएगी और अगर जरूरत पड़ी तो रेलवे की तर्ज पर हरियाणा रोडवेज फूड कॉरपोरेशन बनाकर खाने का इंतजाम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रोडवेज में एक ट्रैकिंग एप भी बनाई जा रही है ताकि यह पता चल सके कि कौन सी बस कहां पर है।

# रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगी भयंकर आग, लाखों का सामान खाक



**करनाल के कुंजपुरा रोड पर स्थित रेडीमेड कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। इस आगजनी में दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।**

करनालः शहर के कुंजपुरा रोड पर स्थित रेडीमेड कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। इस आगजनी में दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। जिस समय घटना हुई उसे समय दुकानदार अपनी दुकान के बाहर बैठा हुआ था। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

आग लगने से लाखों का नुकसान

दुकान मालिक अमरजीत सिंह ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उसे समय वह दुकान के बाहर बैठा हुआ था। आग कैसे अचानक से भड़क गई इस बारे में उसे कोई भी जानकारी नहीं है। अमरजीत ने कहा कि आग लगने के कारण उसका 10 से 12 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। उधर, दुकान में आग लगने की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद भी मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान की जानकारी ली। दुकानदारों ने विधायक से शिकायत की कि 25 मिनट की देरी से फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। इसको लेकर विधायक को फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को रिकॉर्ड तलब करने के निर्देश दिए हैं कि उन्हें कितने बजे आग लगने की सूचना पहुंची थी और कितनी देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से दुकानदार की जो भी मदद की हो सकेगी कि जाएगी। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों को कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# हसनपुर बीडीपीओ घोटाला ! खजाना कर्मी के दोस्त के घर से एंटी करप्शन ब्यूरो ने बरामद किए 61.43 लाख




पलवल : शहर के कस्वा हसनपुर के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में हुए करोड़ों रुपये घोटाला में पर्त दर पर्त खुलती जा रही हैं। इस घोटाले में शामिल आरोपी खजाना कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सतपाल के घर से एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम 28 जनवरी को तलाशी अभियान के तहत नकदी बरामद नहीं कर सकी थी, लेकिन शुक्रवार की रात को आरोपी सतपाल के दोस्त कच्चा तालाब निवासी राजू बघेल के मकान से 61 लाख 43 हजार 150 रुपए की नगदी बरामद की है। इस मामले में राजू बघेल पहले से ही गिरफ्तार आरोपी सतपाल का बचपन का साथी बताया गया है, जो होडल में बस स्टैंड के समीप फलों की रेहडी लगाता है। आरोपी सतपाल ने उक्त नगदी को कुछ दिनों पहले राजू बघेल के घर में यह कहकर रखा था कि उसे जमीन की रजिस्ट्री करानी है, लेकिन फिलहाल रजिस्ट्री नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी सतपाल की गिरफ्तारी की सूचना जब उसके दोस्त राजू को लगी तो उसने मामले की सूचना अपने किसी परिचित पुलिसकर्मी को दे दी। पुलिस कर्मचारी ने इस मामले की जानकारी एंटी करप्शन ब्यूरो को भेज दी, जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम मामले में आरोपी सतपाल को अपने साथ लेकर उसके दोस्त कच्चा तालाब निवासी राजू बघेल के घर पहुंची। बरामद की गई लाखों रुपये की नगदी की गिनती के लिए टीम ने पंजाब नेशनल बैंक से नोट गिनने की मशीन मंगाई। लगभग तीन घंटे तक नोटों की गिनती के बाद विभागीय टीम सतपाल को अपने साथ ले गई। उधर राजू बघेल के मकान पर टीम की सूचना मिलते ही सैंकडों की संख्या में महिला पुरुष गली में एकत्रित हो गए। कई घंटों तक नोटों की गिनती पूरी होने के बाद टीम मकान से बाहर निकली। एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम ने बरामद नगदी को कई बैगों में सील कर कार्रवाई की। इस मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर भगत सिंह ने बताया कि फिलहाल राजू बघेल के मकान से 61 लाख 43 हजार 150 रुपये बरामद हुए हैं। इस मामले में सतपाल से पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम करोंडों रुपये के इस घोटाले में आरोपी सेवा निवृत अधिकारी शमशेर सिंह के मकान से लगभग साढे तीन करोड़ रुपये की नकदी और सोने के आभूषण बरामद कर चुकी है।

## चरखी दादरी: आर्मी जवान के साथ किसान पहुंचा पुलिस थाने, दोनों ने रो-रोकर बताया कुछ ऐसा कि सबके उड़े होश



चरखी दादरी (पुनीत श्योराण) : चरखी दादरी में सेना के जवान व किसान के साथ साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। फौजी को रुपए डबल करने का झांसा देकर एक लाख रुपए से अधिक की चपत लगा तो वहीं किसान का कहना है पासवर्ड बदलते समय उसका फोन हैक कर उसके बैंक खाते से 90 हजार से अधिक रुपए निकाल लिए। दोनों ने पुलिस को शिकायत देकर रुपए वापिस दिलाने और ठगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में जिले के गांव निमली निवासी अजय ने बताया कि वह आर्मी में कार्यरत है। वह बैंक निफ्टी एक्सपर्ट बॉस टीएम नामक चैनल में एक महीने से जुड़ा हुआ है। इस चैनल पर बीते 24 जनवरी को रुपए डबल करने के बारे में एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें लिंक दिया हुआ था जिस पर क्लिक करते ही एक व्हाट्सएप्प नंबर ओपन हो गया। बाद में उसने रुपए डबल करने के लिए चैनल पर दिए लिंक पर क्लिक करते ही रुपए डबल करवाने के लिए एक नंबर पर 8 हजार रुपए यूपीआई आईडी से भेजने को कहा। जिसके बाद उसने उक्त अज्ञात व्यक्ति के कहे अनुसार रुपए भेज दिए। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने स्लाट पूरा होने की बात कहकर 12 हजार रुपए की और मांग की तो वो भी भेज दिए। उसके पास 20 हजार रुपए भेजने के बाद उसके रुपए डबल नहीं हुए तो उक्त अज्ञात व्यक्ति से बात करने पर उसने बताया कि आपकी प्रोसेस पुरी नहीं हुई है और डबल राशि प्राप्त करने के लिए 13 हजार रुपए की डिमांड की। वो भी भेजने के बाद उससे बात की तो उसने कहा कि डबल राशि प्राप्त करने के लिए 9 हजार रुपए फीस देनी होगी उसके बाद डबल राशि मिलेगी। उसके कहे अनुसार 7 हजार व 2 हजार करके कुल 9 हजार रुपए दो बार में उसके पास भेज दिए। उसके बाद दोबारा से उक्त अज्ञात व्यक्ति से संपर्क करने का प्रयास किया तो पता चला कि उसने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया है। शिकायतकर्ता फौजी का नंबर ब्लॉक करने के बाद उसे ठगी का शक हुआ तो उसने गूगल पर एनपीसीआई की साईट सर्च करने पर उसे कस्टमर हैप्ललाइन नंबर प्राप्त हुआ। जिस पर कॉल करने पर सामने वाले ने पूछा कि आपके साथ किस प्रकार व कितने रुपए का फ्रॉड हुआ है। जिसके बाद उसने उसे सारी बात बता दी। बाद में उक्त व्यक्ति ने उसके पास व्हाट्सएप्प कॉल कर कहा कि आपकी फ्रॉड राशी रिकवर करवाने के लिए आपको पूरा प्रोसेस फॉलो करना पड़ेगा ताकि आपकी पेमेंट होल्ड की जा सके।

## अनिल विज के एयरपोर्ट के सपने को क्या मिलेगी एक महीने में उड़ान,एनवोसी जारी होने के बाद अब लाइसेंस का इंतजार

चंडीगढ़ : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल अंबाला कैंट एयरपोर्ट से अब शीघ्र ही हवाई उड़ान शुरू जाएगी। अंबाला कैंट डोमेस्टिक एयरपोर्ट को एनओसी मिलने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि अनिल विज के एयरपोर्ट के सपने से एक महीने के भीतर हवाई उड़ान शुरू हो सकती है। उम्मीद जताई जा रही है कि 10 से 15 दिन के भीतर इसका लाइसेंस भी जारी हो जाएगा, जिसके बाद यहां से सीधी उड़ानें शुरू हो जाएगी। हाल ही में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अंबाला कैंट डोमेस्टिक एयरपोर्ट का एविएशन अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सिविल एविएशन मंत्री विपुल गोयल के साथ भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अंबाला कैंट एयरपोर्ट पर चर्चा की थी। उस दौरान अनिल विज ने कहा था कि अब बस कुछ ही दिनों बाद अंबाला वासियों को डोमेस्टिक एयरपोर्ट की सौगात मिलने जा रही है। अंबाला कैंट डोमेस्टिक एयरपोर्ट शुरू हो जाने के बाद पहले दो फ्लाइट शुरू होगी। इनमें एक जम्मू के लिए और एक अयोध्या के लिए होगी। धीरे-धीरे और भी जगहों के लिए फ्लाइट्स अंबाला से शुरू की जाएगी। लोगों का कहना है कि पहले फ्लाइट पकड़ने के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता था, लेकिन अब अंबाला कैंट में एयरपोर्ट बन जाने से यहीं से सीधी फ्लाइट पकड़ सकेंगे। वहीं एयरपोर्ट बन जाने से आसपास के लोगों को भी रोजगार मिलेगा। शुरू होने वाले अंबाला के डोमेस्टिक एयरपोर्ट का नाम स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के गृह- स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अंबा एयरपोर्ट अंबाला छावनी रखना चाहते हैं, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रस्ताव भेजा गया था। दरअसल अंबाला का नाम भी अंबा देवी से लिया गया है, क्योंकि अंबाला में स्थित मां अंबा का बेहद प्राचीन मंदिर है। काफी दूर-दूर से भगतजन अंबाला में माता अंबा के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। अंबाला वासियों का भी इस मंदिर में अटूट विश्वास और गहरी आस्था है। इसी का ध्यान रखते हुए प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज डॉमेस्टिक एयरपोर्ट का नाम भी मां अंबा के नाम पर रखने की चाहत रखते हैं।

## विज ने बिजली सेवा केंद्र में मारा छापा, एस आई को सख्त आदेश...शिकायतें 4 घंटे तक हो हल

रोहतक : आज बिजली मंत्री अनिल विज ने रोहतक के बिजली सेवा केंद्र में छापा मारा। इस दौरान उन्होंनेशिकायतकताओं से खुद फोन पर बात कर शिकायत पर कार्रवाई की जानकारी मांगी।इस मौके बिजली मंत्री अनिल विज ने एसई को निर्देश देते हुए कहा कि "जो शिकायतें 4 घंटे से ज्यादा तक हल नही हुई उनकी जांच करते हुए सम्बन्धित स्टाफ से स्पष्टीकरण लेने के निर्देशदिए। इसके साथ ही एक शिकायतकर्ता की शिकायत 24 घंटे बीतने के बाद हल नही होने पर एसई को जांच कर सम्बन्धित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की निर्देश दिए।इस दौरान हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज एक बार फिर अपने बेबाक अंदाज में नजर आए। मंत्री पद छोड़ने के सवाल पर विज ने दो टूक जवाब दिया झ ह्वअगर किसी को मेरा पद छीनना है तो छीन ले, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।ह्व उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई उनकी सीनियरिटी नहीं छीन सकता और उनका एकमात्र मकसद जनता की आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाना है।विज ने कहा, ह्वमैं सात बार विधायक रह चुका हूं, न मैंने कभी मुख्यमंत्री बनने की मांग की, न कोठी ली, न कोई लालसा रखी। अगर कोई मेरी सरकारी गाड़ी छीनना चाहता है, तो मेरे कार्यकर्ता खुद नई गाड़ी दे देंगे!

## हरियाणा की ये खास शादी, महज एक रुपया शगुन लेकर संपन्न हुई शादी

फरीदाबादः एक रुपया का शगुन लेकर संपन्न किया विवाह। गुर्जर समाज में युवा एवं उनके माता पिता दूसरों के लिए बिना दान-दहेज के आदर्श-विवाह के प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं।

ग्रेटर फरीदाबाद के गांव नचौली निवासी चौधरी जयविंदर सिंह गुर्जर और उनकी धर्मपत्नी कमलेश ने अपने सुपुत्र ललित नागर का विवाह गत दिवस गांव पाली निवासी रोहताश भड़ाना की सुपुत्री कोमल के साथ विवाह संपन्न हुआ था जिसमें शादी समारोह के दौरान प्रत्येक अवसर पर एक रुपया शगुन के रूप में लेकर संपन्न करवाया। जयविंदर सिंह गुर्जर व उनके सुपुत्र ललित नागर के इस प्रेरणादायक आदर्श फैसले का पूर्ण सम्मान करते हुए चौधरी रोहताश सिंह गुर्जर, उनकी पुत्री कोमल और सम्पूर्ण परिवार ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। पंचायत समिति फरीदाबाद के पूर्व चेयरमैन संजय कौशिक ने इस बिना दान-दहेज वाले शादी समारोह की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में आदर्श विवाह के संकल्प को मजबूती देने में विवाह में एक रुपया बतौर शगुन लेकर समाज मे मिसाल कायम की है।

## चिल्लाती रही 8 साल की मासूम, चचेरा भाई बनाता रहा हवस का शिकार

रोहतकः सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ साल की बच्ची के साथ चचेरे भाई (22) पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोपी चचेरी बहन को बहाने से अपने घर लेकर गया था और वहां पर उस समय कोई नहीं था। वारदात के समय बच्ची रोती हुई बार-बार कहती रही थी कि भैया उसे छोड़ दो। शोर मचाने पर थप्पड़ मारा और फिर जान से मारने की भी धमकी देते हुए घटना को अंजाम देकर भाग गया। बच्ची घर आई तो परिजन को आपबीती बताई। पीड़ित परिजनों ने थाने में युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 साल की बच्ची परिवार के साथ रहती है। उसी के ताऊ का बेटा शुक्रवार को उनके घर आया तो उस समय बच्ची अकेली थी। चचेरी बहन को आरोपी बहकाकर अपने घर ले गया। उसके घर पर भी कोई नहीं था। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने बच्ची के साथ मारपीट भी की और घर पर बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। रोते हुए बच्ची घर गई और परिजनों को दुष्कर्म के बारे में बताया। बच्ची को लहूलुहान देखकर परिजन समझ गए और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने आान-फानन बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया और मेडिकल की प्रक्रिया शुरू करा दी है।

## हरियाणा में कांग्रेस छोड़ने वाले जाट नेताओं को भाई बीजेपी की राजनीति, मिला पूरा मान-सम्मान

चंडीगढ़ः आमतौर पर देश भर में राजनेताओं का एक दल से दूसरे दल में आना जाना लगा रहता है, लेकिन हरियाणा में अपने राजनीतिक दल को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में जाने वाले नेताओं की पूरी तरह से मौज रही। गैर जाट की राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में कांग्रेस छोड़कर पार्टी में आने वाले जाट नेताओं को भाजपा में पूरी तवज्जों मिलती दिखाई दे रही है।

हरियाणा में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का जिक्र करें तो चौधरी धर्मबीर सिंह का नाम सबसे पहले आता है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में चौ. धर्मबीर सिंह ने बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ा और 404,542 वोट हासिल किए, जबकि इनेलो के बहादुर सिंह 2,75,148 वोट लेकर दूसरे नंबर पर रहे। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव भी चौ. धर्मबीर सिंह ने भाजपा से लड़ा। इसमें भी 736,699 वोट हासिल कर कांग्रेस की श्रुति चौधरी को हराया। श्रुति को इस चुनाव में 2,92,236 वोट मिले थे। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के रण में कूदे और जीत की हैट्रिक का इतिहास रच डाला। चौ. धर्मबीर सिंह ने कांग्रेस के राव दान सिंह को करीब 50 हजार से नीचे के बेहद कम मतों के अंदर से हरा जीत दर्ज की।हरियाणा में जाटों के दबदबे वाले जींद और इससे लगते इलाके को बांगर बेल्ट कहा जाता है। बांगर का यही इलाका किसानों के सबसे बड़े नेता, सर छोटूराम के नाती बीरेंद्र सिंह की राजनीतिक कर्मभूमि रही है। हरियाणा की सियासत में बीरेंद्र सिंह को ट्रेजेडी किंग कहा जाता है और इसके पीछे भी रोचक कहानी है। 5 बार विधायक और 3 दफा सांसद रह चुके बीरेंद्र सिंह कभी सीएम नहीं बन पाए और इसकी टीस उन्हें हमेशा से रही। वह खुद अनेक बार अलग-अलग मंचों से इसका जिक्र भी करते रहे। साफ-सुथरी राजनीति करने वाले बीरेंद्र सिंह हर मुद्दे पर अपना पॉइंट ऑफ व्यू बिना किसी लागलपेट के रखते हैं। जो भी कहना, सीधे मुंह पर कहना, उनकी आदत है। इसी बेबाकी के चलते वह कई बार अपनी ही पार्टी , फिर चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा, के लिए मुश्किलें खड़ी कर चुके हैं। बीरेंद्र सिंह कई बार मौजूदा उट मनोहर लाल को भी आईना दिखाने का काम कर चुके हैं। कांग्रेस में 42 साल गुजारने वाले बीरेंद्र सिंह ने वर्ष 2014 में भाजपा ज्वाइन कर ली और नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में केंद्रीय मंत्री बन गए। 2019 में बीजेपी ने बीरेंद्र सिंह की जगह, आईएएस अफसर की नौकरी छोड़ने वाले उनके बेटे बृजेंद्र सिंह को हिसार से टिकट दिया। बृजेंद्र सिंह चुनाव जीतकर सांसद बन गए। इसके अलावा बीजेपी की टिकट पर उचाना विधानसभा से बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता भी विधायक रही। मां का सालों पुराना सपना हुआ पूरा, बेटी भी बनी मंत्री कांग्रेस में रहते राज्यसभा सदस्य नहीं बन पाने वाली पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में भेजकर सालों पुराना उनका अधूरा सपना पूरा किया। इतना ही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को सहेजते हुए भाजपा ने हरियाणा के विधानसभा चुनाव में किरण चौधरी की बेटी और बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी को तोशाम से टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा।

# राहत भरा बजट पेश करने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार: उमेश भाटी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



2025 का बजट सभी वर्गों को राहत देने वाला है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का राहत भरा बजट पेश करने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह कहना है भाजपा के वरिष्ठ नेता उमेश भाटी जी का उन्होंने खुशी जताते हुए कहा है कि सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढाने वाला बजट है वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा पेश देश के बजट पर मीडिया को प्रतिक्रिया देते हुए उमेश भाटी जी ने कहा कि बजट समावेशी प्रगति के पथ पर सबको साथ लेकर चलने वाला और विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है । वित मंत्री जी द्वारा पेश बजट सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढाने वाला बजट है । उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी वह लगातार प्रचार के लिए जा रहे है। देल्ही के दिल में इस बार भाजपा है मोदी सरकार ने इस बार मध्यम वर्ग का विशेष रूप से ख्याल रखा है। देश में मोदी दिल्ली में मोदी इस बार हो कर रहेगा।

# आम व्यक्ति को समर्पित बजट है: राज मदान

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



आज विकसित भारत को और अधिक सशक्त करने की दिशा में भारत की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो समावेशी बजट पेश किया है, वह बहुत ही संतुलित, समावेशी और विकास को बढ़ावा देने वाला है। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को और अधिक गति देने वाला है। इस बजट में गरीब, किसान का कल्याण, वंचितों का सम्मान,और नारी शक्ति व मध्यम वर्ग का उत्थान समाहित है। ये आम व्यक्ति को समर्पित बजट है। ऐसे सर्वस्पर्शी और हर क्षेत्र के विकास को गति देने हेतु समर्पित बजट के लिए मैं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी व उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं व बजट 2025 - 2026 को देश के विकास एवं जनहित में पेश होने पर इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूँ

# एसडी स्कूल ककराला में हुआ फेयरवैल पार्टी का आयोजन

**कनीना सुनील दीक्षित**

बसंत पंचमी के पर्व पर रविवार को एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को फेयरवैल पार्टी देते समय रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं ने छात्रों का तिलक लगाकर समारोह की शुरूआत की। जिसमें उन्होंने एकल नृत्य, समूह नृत्य, मिमिक्री एवं श्रंगार रस ओतप्रोत गानों से शमा बांध दिया। 11वीं कक्षा की छात्रा हनी, मधुर, कंचन व नैन्सी ने मंच का संचालन किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने शिक्षक स्टाफ के साथ मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। तदुपरांत विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाए। छात्रा प्रिया ने सो-पल रुखा गीत की प्रस्तुति दी। तन्नू व रुचिका के द्वारा नृत्य प्रस्तूत किया गया। लक्की ने हरियाणवी रागनी प्रस्तुत की। अवनी, रीया ने भी प्रसतुती दी। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों से अपने अनुभव शेयर किए। उन्होंने अध्यापकों की आशाओं पर खरा उतरने का आश्वासन दिया। विद्यालय चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि विद्यार्थी 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए महाविद्याल में दाखिल लेकर शिक्षा ग्रहण करेगें। विद्यार्थी जहां भी रहें परिश्रम एवं मर्यादित संस्कारों के बल पर कीर्तिमान स्थापित करें। इस अवसर पर प्राचार्य ओम प्रकाश यादव , सीईओ आरएस यादव, प्रबंधक समिति सदस्य राजेन्द्र सिंह, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, सुनिल कुमार उपस्थित थे।

# चौथी वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग टूनार्मेंट के लिए रजिस्ट्रेशन, फिटनेस और स्वास्थ्य जांच शुरू

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** चौथा वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग टूनार्मेंट आज केडी जाधव इंडोर स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में शुरू हुआ। यह टूनार्मेंट 1 से 5 फरवरी 2025 तक चलेगा, जिसकी शुरूआत आज खिलाड़ियों के आगमन, उनके रजिस्ट्रेशन और फिजिकल असेसमेंट से हुई। रविवार को टूनार्मेंट समारोह का विधिवत उद्घाटन होगा। टूनार्मेंट के पहले दिन सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण, स्वास्थ्य और फिटनेस जांच की गई। कुल 887 प्रविष्टियों में से 479 भारतीय और 108 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वाको इंडिया के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस टूनार्मेंट में कुल 7 वाको इवेंट्स शामिल हैं: पॉइंट फाइटिंग, लाइट कॉन्टैक्ट, किक लाइट, म्यूजिकल फॉर्म्स, फुल कॉन्टैक्ट, लो किक्स और के1 रूल्स। इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में किक बॉक्सिंग को बढ़ावा देना है, जो राज्यों को एकता के सूत्र में बांधते हुए ओलंपिक और एशियन गेम्स के मूल्यों का पालन करता है। यह चैंपियनशिप भविष्य के खेल सितारों को प्रोत्साहित करेगी और युवाओं में खेल भावना विकसित करने में मदद करेगी। अंतराष्ट्रीय फेडरेशन वाको अध्यक्ष रॉय बेकर ने संतोष कुमार अग्रवाल और वाको इंडिया को इस विशाल एवं भव्य आयोजन के लिए अग्रिम बधाई देते हुए वाको इंडिया को उनके नेतृत्व में सफल होने के लिए संतोष अग्रवाल के कार्य की सराहना की।वाको इंडिया के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल और वाको तकनीकी समिति के सदस्य ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह टूनार्मेंट दर्शकों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय खेल मंच उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है। हम सभी देशवासियों से आग्रह करते हैं कि वे इस आयोजन में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं। डॉ. रीना कुमार, अकादमिक निदेशक, इंडियन एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स डेंटिस्ट्री ( आईएएसडी ) ने डॉ.अतुल सुरवे के साथ एथलीट्स की मौखिक जांच की।

पेशेवर दंत चिकित्सकों ने पहले पीसीडीए (पूर्व-प्रतियोगिता दंत मूल्यांकन) किया, इसके बाद उन्हें उनके मौखिक स्वास्थ्य रखरखाव पर विशेषज्ञों की सलाह दी गई। इसके बाद, खिलाड़ियों को माउथ गार्ड के बारे में शिक्षित किया गया और अंत में, एंटी-केरियोस टूथपेस्ट के साथ एक गुडी बैग प्रदान किया गया। "वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन" "वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन (वाको)" का सदस्य है और युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। वाको को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी ) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

# सुल्तानपुर नेशनल पार्क में मनाया गया विश्व आर्द्रभूमि दिवस

## -वादी एवं प्रतिवादी पक्ष को हाईकार्ट के निर्देश का पल-पल हो रहा इंतजार

**.समाचार गेट/संजय शर्मा**



**गुरुग्राम।** देश और प्रदेश की प्राकृतिक संपदा को संरक्षित रखने के संकल्प के साथ आज सुल्तानपुर नेशनल पार्क में विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रकृति के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। हरियाणा जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. विवेक सक्सेना ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए वेटलैंड का होना बहुत जरूरी है। सामाजिक सहयोग और वन विभाग, दोनों के तालमेल से प्राकृतिक भूमि के संरक्षण के कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। इसी दिशा में सरकार ने राज्य में तीन सामुदायिक वन क्षेत्र घोषित किए हैं ।अभी इस दिशा में कार्य प्रगति पर है। मंडलीय वन्य प्राणी अधिकारी रामकुमार जांगड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि वन्य जीवों और पोखर, पखेरू के साथ मानव का अस्तित्व जुड़ा हुआ है ' इस कार्यक्रम में फतेहाबाद, सिरसा,

### मानव के अस्तित्व के लिए प्रकृति का संरक्षण जरूरी: डॉ. विवेक सक्सेना

गुरुग्राम जिले के सरकारी स्कूलों के सैकड़ो विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि वे अपने आसपास की आर्द्रभूमि की रक्षा के लिए सदैव संकल्पबद्ध रहेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा हरियाणवी संस्कृति व आर्द्रभूमि के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नुक्कड़ नाटिका का मंचन कर विद्यार्थियों ने उपस्थित नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागृत किया।

# डा. डिंपल चावला फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर, 212 यूनिट रक्त एकत्रित

**समाचार गेट/संजय शर्मा**




**फरीदाबाद।** डा. डिंपल चावला फाउंडेशन द्वारा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट के सहयोग से हार्डवेयर चौक स्थित भवनीश मैटल इंडिया लिमिटेड के प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया और 212 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर भवनीश मैटल इंडिया लिमिटेड के मालिक सुनील अरोड़ा, भुवनेश अरोड़ा, रवीश चावला और अर्पित चावला इत्यादि ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं की हौंसला अफजाई की और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि संसार में रक्तदान करना सबसे बड़ा दान होता है क्योंकि किसी मनुष्य द्वारा दान किया गया रक्त आपातकाल स्थिति में दूसरे मनुष्य की जिंदगी बचा सकता है, इसलिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि डा. डिंपल चावला उनकी बेटी थी, जिस्का कोरोना महामारी में निधन हो गया था और उन्होंने अपनी बेटी के नाम से डा. डिंपल चावला फाउंडेशन बनाकर लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया और इसी के तहत वह समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर व गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा करते है ताकि इस फाउंडेशन के माध्यम से वह अपनी बेटी के सपनों को साकार कर सके।

# एक रुपया का शगुन' लेकर संपन्न हुई शादी



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एक रुपया का शगुन लेकर संपन्न किया विवाह। गुर्जर समाज में युवा एवं उनके माता पिता दूसरों के लिए बिना दान-दहेज के आदर्श-विवाह के प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। ग्रेटर फरीदाबाद के गांव नचौली जिला फरीदाबाद निवासी चौधरी जयविंदर सिंह गुर्जर और उनकी धर्मपत्नी कमलेश ने अपने सुपुत्र ललित नागर का विवाह विगत 26 जनवरी 2025 को गांव पाली निवासी रोहताश भड़ाना की सुपुत्री कोमल के साथ विवाह संपन्न हुआ था जिसमें शादी समारोह के दौरान प्रत्येक अवसर पर एक रुपया शगुन के रूप में लेकर संपन्न करवाया। जयविंदर सिंह गुर्जर व उनके सुपुत्र ललित नागर के इस प्रेरणादायक आदर्श फैसले का पूर्ण सम्मान करते हुए चौधरी रोहताश सिंह गुर्जर, उनकी पुत्री कोमल और सम्पूर्ण परिवार ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। पंचायत समिति फरीदाबाद के पूर्व चेयरमैन संजय कौशिक ने इस बिना दान-दहेज वाले शादी समारोह की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में आदर्श विवाह के संकल्प को मजबूती देने में विवाह में एक रुपया बतौर शगुन लेकर समाज मे मिसाल कायम की है। जिसकी पूरे समाज में चारों ओर बहुत ही प्रशंसा हो रही है। समाज मे दहेज प्रथा की रोकथाम हेतु युवाओं को जयविंदर से प्रेरणा मिलेगी व समाज सुधार की दिशा में आपका निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि समाज ऐसे निःस्वार्थ लोगों की सोच का बारंबार वंदन एवं अभिनन्दन करता है। धन्य है ऐसे लोग, उनके माता-पिता व शिक्षक जिन्होंने उन्हें ऐसी सोच, शिक्षा व संस्कार दिए जो समाज मे दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत साबित होंगे। समाज भी आपके इस सराहनीय कदम का आभार व्यक्त करता है।आपकी इस पहल का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत।

# कामधेनु आरोग्य संस्थान में वसन्त पञ्चमी के अवसर पर जीव-जन्तु कल्याण दिवस समारोह एवं नि:शुल्क रिफ्लेक्सोलॉजी शिविर का हुआ आयोजन

**(अनिल मोहनियां नूंह)**



नूँह जिले के तावडू उपमंडल के गांव बिस्सर-अकबरपुर कामधेनु आरोग्य संस्थान में वसन्त पञ्चमी के अवसर पर ह्लजीव-जन्तु कल्याण दिवस समारोहह्व एवं ह्लनिःशुल्क रिफ्लेक्सोलॉजी शिविरह्व का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आरोग्य संस्थान में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा प्रान्त-संघचालक प्रताप , गरिमामयी उपस्थिति भारत सरकार संसदीय कार्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. सत्य प्रकाश खटाना, मुख्य वक्ता सुप्रसिद्ध विचारक एवं लेखक प्रो. डॉ. सारस्वत मोहन मनीषी, अतिविशिष्ट अतिथि तावडू के उपमण्डल अधिकारी संजीव कुमार एच.सी.एस, विशिष्ट अतिथि जिंदल पॉलीट्यूब्स प्रा.लि. के निदेशक मदन जिंदल एवं राव इन्द्रजीत सिंह के निजी सचिव ब्रह्म दत्त तथा हरियाणा राज्य और देश के अनेक महानुभाव उपस्थित रहे । हवन का संचालन आदर्श गर्ग तावडू ने किया । मुख्य रूप से माँ सरस्वती के अवतरण दिवस एवं शिव-पार्वती विवाह के प्रतीक शिवरात्रि के अतिरिक्त हवन प्रथा के अनुसार फरवरी मास में जिन लोगों के जन्मदिवस, शादी की वर्षगांठ एवं पुण्यतिथि थी, उनके नाम से अग्नि देव को आहुति अर्पित की गई तथा समस्त मानव जाति के हित में सुख-शांति के लिए प्रार्थना की गई । गौप्रेमी आचार्य मनीष शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए कार्यक्रम का प्रारंभ किया। उनके द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया । तत्पश्चात स्वामी विवेकानन्द स्कूल तावडू के विद्यार्थियों ने माँ सरस्वती वन्दना / स्तुति प्रस्तुत की । स्वागत कार्यक्रम में एस.पी.गुप्ता, सुनील जिंदल तावडू ने, डॉ. सत्य प्रकाश खटाना का ऊषा गर्ग, स्नेहलता गर्ग,राखी जिंदल ने, प्रो. डॉ. सारस्वत मोहन मनीषी का शशि गुप्ता, विशाल गर्ग, संजीव अग्रवाल ने, संजीव कुमार का पवन जादू, नरेश बिस्सर, आदर्श गर्ग ने, मदन जिंदल का पवन जैन, अनुपम गुप्ता, तेजपाल ने, ब्रह्म दत्त का सुनील जांगड़ा, गौरीश ने वस्त्र पहनाकर तुलसी का पौधा, कामधेनु स्मृति चिन्ह एवं संस्थान में पंचगव्य निर्मित आँवलाप्राश का गिफ्ट पैक भेंट करके किया । संस्थान के संस्थापक डॉ एस.पी. गुप्ता ने वसंत पंचमी के महत्व का वर्णन करते हुए बताया कि यह दिन माँ सरस्वती देवी के अवतरण और जीव-जन्तु कल्याण दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है। सभी अतिथियों का स्वागतार्थ परिचय करवाते हुए उनकी गौ-भक्ति का वर्णन किया और बताया कि सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें ताकि सभी को अपने शुभ लक्ष्यों की प्राप्ति हो। सभी जीव-जंतु (चींटी से हाथी तक) की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है और इसमें भी गोसेवा सर्वोत्तम सेवा है। गोसेवा की महिमा का वर्णन करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। गोमाता विश्व की सर्वोत्तम प्राणी है। गोमाता को अनदेखा करने के कारण ही हमारे भारत ने अपना सोने की चिड़िया का पद गंवाया है। अतः सभी को पंचगव्य निर्मित पदार्थों का ही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने गोबर, गोमूत्र, घी, दूध की विशेष महिमा को भी बताया। गोमूत्र के उपयोग से टीबी, कैंसर, अस्थमा जैसी जानलेवा बीमारियों से भी बचा जा सकता है। पंचगव्य निर्मित पदार्थों के लाभ कामधेनु आरोग्य संस्थान मे प्रत्यक्ष अनुभव किए जा सकते हैं। सभी को जीव-जन्तु सेवा मे किसी भी प्रकार अपना योगदान अवश्य करना चाहिए। गुप्ता जी ने श्रीमती आशा विष्णु भगवान की गोभक्ति की भी विशेष प्रशंसा की। तदुपरांत मास्टर ईशान गुप्ता ने वसंत पंचमी व माँ सरस्वती आधारित मंत्रमुग्ध कविता का श्रवण सभी को कराया । डॉक्टर सारस्वत मोहन मनीषी ने अपना सम्बोधन ै गावो विश्वस्य मातरःह्व (गोमाता विश्व की माता है, नाभी है) से किया। भगवान श्री कृष्ण गोमाता के कारण ही गोपाल कहलाते हैं। आयुर्वेद का आधार पंचगव्य है। सारस्वत जी ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के छोटे से गाँव मे उनका जन्म हुआ लेकिन उनके पूरे जीवन काल मे वो जितनी प्रसिद्धि पा सके हैं उसका कारण गोमाता सेवा है। 23 जनवरी 1991 को उनके द्वारा लाल किले मे गाई कविता ह्लहमको पता ना था सूर्य बचकानी भाषा बोलेगा, जाने किस दिन लाल किला मदार्नी भाषा बोलेगाह्व और ह्लजय गैया मैया जय गैया मैयाह्व कविताएं भी सुनाई। सारस्वत जी ने बताया कि जब अकबर के दरबार मे पूछा गया कि दूध किसका अच्छा है तो बीरबल ने बताया कि दूध तो भैंस का ही अच्छा है। जब अकबर ने कहा कि क्या गोमाता का दूध अच्छा नहीं होता तो बीरबल ने जवाब दिया गोमाता का दूध दूध नहीं वो तो अमृत है। गोमाता की जय के साथ उन्होंने अपने सम्बोधन को विराम दिया। मदन जिंदल ने जय गोमाता के उद्घोष के साथ सभी से निवेदन किया कि डॉक्टर एस पी गुप्ता को आदर्श मानकर सभी को गोसेवा करनी चाहिए। संजीव कुमार, एस डी एम ने कहा कि अगर हम जागरूक हो जाएँ तो कृषि में कीटनाशक का प्रयोग खत्म हो जाये। सभी गोशालाओं के 100 किलोमीटर के दायरे मे प्राकृतिक खेती होनी चाहिए। उन्होंने पंचगव्य निर्मित पदार्थों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने प्राकृतिक खेती का फायदा भी बताया और किस तरह से उसका प्रचार-प्रसार किया जाए उसके भी उदाहरण दिए। जागरूकता आने से रूढ़िवादी खेती की जगह प्राकृतिक खेती का प्रचार-प्रसार होना चाहिए और कीटनाशक पदार्थों की जगह स्वदेशी प्राकृतिक तकनीक का उपयोग करना चाहिए। डॉ. सत्य प्रकाश खटाना ने अपने वक्तव्य मे बताया कि वो ब्रह्म दत्त के सेवाकार्यों से अभिभूत है। उन्होंने बताया कि गाँव बिस्सर से उनका पुराना रिश्ता है। कामधेनु आरोग्य संस्थान एक बहुत अच्छी अवधारणा है। उन्होंने एस पी गुप्ता, शशि गुप्ता और श्रीमती आशा विष्णु भगवान के गोसेवा निमित्त अभूतपूर्व योगदान की सराहना की और उन्होंने कहा कि सभी को अपना-अपना योगदान अवश्य करना चाहिए। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है, उसके लिए हमे सभी क्षेत्रों मे विकास करना होगा जिसके लिए हमे प्रकृति के साथ रहना सीखना होगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की भी राष्ट्र के विकास मे योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी को अपने बड़ों का आदर करना चाहिए, संस्कृति का अनुसरण करना चाहिए और जो भी कार्य करें उसमे लोक-हितार्थ भावना अवश्य रखनी चाहिए। अंत मे उन्होंने कहा कि वो संस्थान मे अपनी सेवा देने के लिए कटिबद्ध है। आचार्य मनीष ने कहा खटाना जी ने श्रीमद्भगवद्गीता की प्रसिद्ध पंक्ति ह्लयोगः कर्मसु कौशलमह्व को चरितार्थ करने पर बल दिया जो अति-प्रशंसनीय है। प्रताप ने अपने वक्तव्य मे बताया कि वसंत पंचमी का दिन सभी स्थानों और विद्यालयों मे विशेष रूप से मनाया जाता है। यह वह दिन है जब वसंत ऋतु का आगमन और माँ सरस्वती का अवतरण हुआ था। उन्होंने बताया कि भारत जी.डी.पी के मामले मे विश्व मे चौथे स्थान से तीसरे स्थान की तरफ अग्रसर है। केवल हथियारों के बल पर विकास नहीं किया जा सकता है। विकसित होने के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन बहुत जरूरी हैं। विश्व को मार्ग दर्शन देने के लिए हर जीव-जन्तु के कल्याण की भावना भारत देश की है। गरुण पुराण के अनुसार वैतरणी नदी को पार करने की निमित्त गोमाता है। भारत सिर्फ कृषि प्रधान देश ही नहीं बल्कि उद्योग प्रधान देश भी रहा है। सभी को राष्ट्र के किसी ना किसी विषय पर चिंतन करते हुए अपना योगदान अवश्य देना चाहिए। कामधेनु आरोग्य संस्थान भी अपना योगदान इस दिशा मे दे रहा है जिसके सूत्रधार डॉक्टर एस पी गुप्ता और श्रीमती शशि गुप्ता हैं। कुछ जीव-जन्तु ऐसे भी हैं जो विलुप्तता के कगार पर हैं उस दिशा में भी सकारात्मक प्रयास किए जाने चाहिए। भारत विश्व गुरु और विश्व मार्गदर्शक बने उसके लिए सभी को अपना-अपना सकारात्मक योगदान अवश्य करना चाहिए। भारत माता के जयघोष के साथ उन्होंने अपने वक्तव्य को विराम दिया। आचार्य मनीष ने महाकुंभ 2025 के सुव्यवस्थित प्रशासन और प्रबंधन की विशेष चर्चा की। जिला प्रशासन की ओर से एस.डी.एम तावडू द्वारा अन्य अतिथियों के साथ मिलकर डॉक्टर एस.पी. गुप्ता को उनके आपातकाल दौरान किए हुए संघर्ष स्वरूप, वर्तमान सरकार द्वारा लोकतंत्र सेनानी पेन्शन और ताम्रपत्र प्राप्त जो 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस पर दिया जाना था, आज सम्मान सहित स्मृति चिह्न भेंट किया गया । अन्त में कामधेनु आरोग्य संस्थान की अध्यक्षा शशि गुप्ता ने सभी महानुभावों का कामधेनु प्रांगण में पधारने और मार्गदर्शन देने पर धन्यवाद व्यक्त किया तथा साधुवाद दिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत माँ सरस्वती स्तुति और माननीय मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के महाकुंभ 2025 की विशेष प्रशंसा की। महाकुंभ जैसे विराट उत्सव की इतनी अच्छी सुव्यवस्था करना अति-प्रशंसनीय है। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने कामधेनु आरोग्य वैलनेस संस्थान एवं कामधेनु गोधाम का अवलोकन किया तथा जीव-जन्तु कल्याण दिवस मनाते हुए गौवंश को सवामणि एवं चारा अर्पित करने के उपरान्त प्रसाद ग्रहण किया । बड़ी संख्या में लोगों ने निःशुल्क रिफ्लेक्सोलॉजी शिविर का भी लाभ लिया । इस अवसर पर पूर्व आई.पी.एस यशपाल सिंघल, आशा विष्णु भगवान, अपार गोयल, पवन कुमार, सन्त लाल गुप्ता, योगेश गुप्ता, डॉ. अमृत लाल सिंह, एस.के.अग्रवाल, बालकृष्ण सोनी, हितेश यादव, जयकिशन, महेश गुप्ता, डॉ. रमेश यादव, डॉ. जितेन्द्र यादव, डॉ. पवन गोयल, अंकित जैन, वृंदावन, मुकेश शर्मा बिस्सर, नवीन झा दिल्ली, राजेन्द्र सिंह गुरुग्राम, दीपक जैन व देश के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## संपादकीय

### सत्ता पाने का हथियार

देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढ्ड़ा होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।



इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार "संघ परिवार" जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्यपुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्यपुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किये गये। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अन्दर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्यपुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया। वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है जब सरकार ने पाठ्यपुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किये। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया। मम्लूक, तुगलक, खिलजी, लोधी और मुगल साम्राज्य समेत सभी मुस्लिम साम्राज्यों के बारे में जानकारी देने वाले कई पन्नों को हटाया गया। जाति व्यवस्था से भी जुड़ी काफी जानकारी को हटा दिया गया, जैसे वर्ण प्रथा वंशानुगत होती है, एक श्रेणी के लोगों को अछूत बताना, वर्ण प्रथा के खिलाफ विरोध, 2002 के गुजरात दंगे, आपातकाल, नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे जन आंदोलनों आदि जैसी आधुनिक भारत की कई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी को भी हटा दिया गया। पाठ्यपुस्तकों से विवादास्पद हटाए गए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पाठ्यपुस्तक की सामग्री बदल सकते हैं, लेकिन "वे इतिहास को नहीं मिटा सकते। भाजपा सरकार द्वारा "पाठ्यपुस्तकों के भगवाकरण" की व्याख्या करते हुए, केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा था कि संघ परिवार इतिहास के निरंतर भय में रहता है क्योंकि यह उनके असली चेहरे को उजागर करता है। वे इतिहास को फिर से लिखने और उसे झूठ से ढकने का सहारा लेते हैं। संघ परिवार में आरएसएस और भाजपा सहित उसके संबद्ध संगठन शामिल हैं। रोमिला थापर और जयति घोष जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों, जिन्होंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के पिछले संस्करण लिखे हैं, ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर हटाए गए शब्दों को वापस लेने की मांग की थी। इन बदलावों को विभाजनकारी उद्देश्यों से प्रेरित बताते हुए बयान में कहा गया कि किताबें लिखने वालों से सलाह लेने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह एक ऐसा निर्णय है जो भारतीय उपमहाद्वीप के संवैधानिक लोकाचार और समग्र संस्कृति के खिलाफ है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए इतिहास के पाठ्यक्रम में अहम बदलाव किए। ये बदलाव सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन को लेकर हैं। ये बदलाव हरियाणा के राखीगढ़ी में स्थित सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल से प्राप्त प्राचीन डीएनए के अध्ययन के आधार पर किए गए। इस अध्ययन से माना जाता रहा कि आर्यों के आगमन का सिद्धांत गलत साबित होता है। सरकारों का जोर ज्यादातर राजनीतिक विज्ञान, समाज विज्ञान और हिन्दी की पुस्तकों पर सुविधा के हिसाब से बदलाव पर जो रहा है। यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। जो भी दल भविष्य में सत्ता में आएगा, पाठ्यक्रमों में फिर वही बदलाव का सिलसिला जारी रहेगा। इससे और कुछ हो न हो पर विद्यार्थी दिग्भ्रमित जरूर होते हैं। इसलिए बेहतर है कि पाठ्यक्रमों में बदलाव के लिए देश के पुराविदें, शिक्षाविदें के साथ न्यायविदें को भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि चुनावी गणित के हिसाब से ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ का सिलसिला बंद हो सके।

## नगीना गोहरवाली चौक में सीसीटीवी कैमरा लगाये जाए

**भयमुक्त वातावरण के लिए गोहरवाली चौक में लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरा**



**(अनिल मोहनियां नूंह)**
नगीना गोहरवाली चौक में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमेरा लगवाने की मांग जोर पकड़ने लगी है । सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने बताया की लम्बी अवधी (समय) से चौक पर शासन प्रशासन से सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग कर रहे है ।जिससेचौक पर महिलाओं की सुरक्षा के साथ आमजन भी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। गोहरवाली चौक में रात्रि के समय में ही क्या दिन में भी आमजन अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है ।इस चौक में कई अपराधिक घटनाएं घटित हो चुकी है। जिसकी वजह से आमजन हमेशा भयभीत रहता है,अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है। शासन प्रशासन की घोषणा व योजना है,की आमजन भयमुक्त व विश्वास के साथ जीवनयापन करे ।आमजन में भयमुक्त वातावरण व विश्वास की भावना को बनाए रखने के लिए अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने की दृष्टि से शासन प्रशासन गोहरवाली चौक में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से संपन्न सीसीटीवी कैमरा लगवाए ।जिसका पुलिस थाना नगीना व पुलिस अधीक्षक कंट्रोल रूम से सीधा संबंध स्थापित किया जाए । जिससे की अपराध व अपराधियों पर तुरंत कार्यवाही कर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके ।शासन प्रशासन से मांग है की वे इस मांग को जल्द से जल्द मूर्तरुप प्रदान करे। ताकि चौक पर महिलाएं व आमजन भयमुक्त व सुरक्षित रह सके।

## बागोत मोहित सुसाइड केस में आज हो सकता शव के अंतिम संस्कार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय

### -हरियाणा ह्यूमन राइट कमीशन चंडीगढ में होनी है सुनवाई

**कनीना सुनील दीक्षित**
कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी मोहित सुसाइड केस मामले में हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में सोमवार 3 फरवरी को सुनवाई निश्चित है। जिसे लेकर 52 दिन से उपनागरिक अस्पताल कनीना की मोर्चरी में रखे युवक के शव का दाह संस्कार होने की उम्मीद बनती दिखाई दे रही है। इस बारे में पडतल गांव के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील के माध्यम से जनहित एवं मानव अधिकारों को देखते हुए एक दरखास्त बीती 15 एचएचआरसी, हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने बागोत निवासी मोहित का शव कनीना अस्पताल के मोर्चरी में रखा होने तथा शव का निश्चित समय पर ससम्मान अंतिम संस्कार करवाने की दलील दी गई थी। जिसकी 20 जनवरी को सुनवाई की गई थी। जिसमें कनीना के एस-डीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत व डीएसपी दिनेश कुमार ने हाजिर होकर मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने का हवाला देकर जवाबदावा दाखिल किया था। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कमीशन की ओर से आगामी 3 फरवरी को पुनः सुनवाई निश्चित की गई थी। अधिकारियों की ओर इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जवाबी एप्लीकेशन दाखिल की गई थी। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया जा सका है। हा-ईकोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 20 मई को होनी है। दोनों पक्ष एचएचआरसी एवं हाईकोर्ट के आदेश आने की आस लगाए बैठे हैं। ईधर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक चंडीगढ की ओर से एसआईटी का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में डीएसपी, इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर सहित तीन अधिकारियों को शामिल किया गया है। ये टीम कैलाशचंद द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच करेगी। एसपी नारनौल के माध्यम से जारी नोटिस में उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा में दाखिल सीआरएम-एम 2017-2025 एवं डीडीआर नम्बर 16 दिनांक 14 दिसंबर 2024, बीएनएस की धारा 194 के संदर्भ में वादी कैलाशचंद को जांच में शामिल होने का कहा गया है। डीजीपी द्वारा गठित की गई एस-आईटी के सामने पेश होकर कैलाशचंद मामले से जुडे सबूतों तथा गवाहों की सूचि उपलब्ध करवा सकता है। ईधर मृतक युवक मोहित का शव पिछले 52 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। हालांकि मामला हाइकोर्ट में विचाराधीन होने के बाद वादी एंव प्रतिवादी पक्ष को हाईकोर्ट के आदेश का पल-पल इंतजार बना हुआ है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अगली का-र्रवाई अमल में लायी जानी है। मृतक के पिता कैलाशचंद ने इस बारे में 14 जनवरी को पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट में अर्जी डाली गई थी। जिस पर 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। लेकिन कैलाशचंद पूर्व मंत्री सहित आठ व्यक्त्यिों के विरूध एफआईआर करने की एकसूत्री मांग पर अडा हुआ है।

## सीनियर बॉक्सर आकिब हुसैन ने पटियाला से बॉक्सिंग में सर्टिफिकेट कोर्स किया पूरा



**अनिल मोहनियां नूंह**
मेवात के सीनियर बॉक्सर आकिब हुसैन ने पटियाला से बॉक्सिंग में स-र्टफिकेट कोर्स कंप्लीट किया। आकिब की इस काबिलियत पर बॉक्सिंग कोच मनोज कुमार और सभी मुक्केबाजी खिलाड़ियों ने अपनी खुशी जाहिर करके आकिब हुसैन का मुक्केबाजी सेंटर नगीना में पहुंचने पर पगड़ी बांधकर और फूल माला डालकर बड़ी गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। आकिब हुसैन अपने समय का एक बेहतर मुक्केबाज रहा है। जिसने मेवात के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किए हैं और अपने जूनियर खिलाड़ियों का हमेशा हौसला बढ़ाया है। आकिब हुसैन से प्रेरित होकर खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेवात का नाम रोशन किया है।

बॉक्सिंग कोच मनोज कुमार ने बताया कि आकिब के क्वालिफाइड होने से मेवात के जूनियर मुक्केबाजों को आगे बढ़ने का और अवसर मिलेगा मेवात में हमेशा से ही खेल प्रशिक्षकों की कमी रही है। जिस कारण ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित रह जाते हैं अन्य जिलों में प्रि-शक्षक ज्यादा होने के कारण वहां खिलाड़ी अच्छे परफॉर्मेंस देते हैं । लेकिन मेवात में बहुत कम प्रशिक्षक होने के कारण खिलाड़ियों का आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलता खेल विभाग की तरफ से अन्य जिलों की तरह मेवात में भी खेल नर्सरी ज्यादा संख्या में मिल सकती हैं लेकिन प्रि-शक्षक कम होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का कम अवसर मिलता है। जब तक मेवात जिले में लोकल प्रशिक्षक नहीं होंगे तब तक खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का कम अवसर मिलता है। प्रशिक्षक होने से खेल विभाग की खेल नर्सरी सभी ब्लॉकों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में दी जा सकती हैं जिससे अधिक खिलाड़ियों को सरकारी सुविधाओं का फायदा मिलता है खेल नर्सरी में खेल विभाग की तरफ से खुराक के तौर पर 2000 रुपए तक प्रति महीना मिलता है और सर्टिफि-केट प्राप्त प्रशिक्षक को 20 हजार रुपए मिलते हैं। प्रशिक्षक की कमी के कारण खेल नर्सरी के शुरू ने की जा सकती जिसके कारण बहुत सारे खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सरकारी सहायता से वंचित रहना पड़ता है अन्य खेलों में भी अगर सीनियर खिलाड़ी सर्टिफिकेट कोर्स प्राप्त कर लेते हैं तो अन्य जिलों की तरह हमारे जिले में भी 70 से 80 खेल नर्सरी संचालित की जा सकती है। प्रत्येक नर्सरी में 25 महिला पुरुष खिलाड़ी सिलेक्ट किए जाते हैं और उनको सुबह-शाम ट्रेनिंग दी जाती है जिले में अगर खेलों का माहौल बनता है तो युवा पीढ़ी नशे की बुराइयों से बच जाती है और खेलों में अपना योगदान देती है और खेलों को करियर के तौर पर अपना कर देश-विदेश में मेवात का नाम रोशन करते हैं इस अवसर पर बॉक्सिंग कोच मनोज कुमार और जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा ने आकिब हुसैन को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर,अखिल भारतीय जांगिड़ सभा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**सिवानी मंडी। सोनिका सूरा**
शहर के विश्वकर्मा धर्मशाला मेंअखिल भारतीय जांगिड़ सभा द्वारा बसंत पंचमी अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 61 रक्तदाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस बारे में जानकारी देते हुए युवा अध्यक्ष मनोज जांगड़ा ने बताया कि शिविर आसपास के अनेक युवाओं, महिलाओं ने रक्तदान किया ।शिविर में रजत सुथार ने अपने जन्मदिवस उपलक्ष्य पर रक्तदान किया। वही थाना सिवानी के कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर जांगड़ा ने कहा कि समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रक्तदान शिविर का आयोजन समय समय पर अवश्य करने चाहिए। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ,भागीरथ जांगड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर जांगड़ा,सरपंच कुरडा राम, नवीन ख्यालिया,संतलाल,छोटू राम ,सुनील जांगड़ा,मनोज जांगड़ा,सतीश,मुकेश,सत्यवान जांगडा,सुबेन,विकास कालोद, डॉ अजय सिंधु,विकास असीजा,प्रेम किंगर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## कछुआ गति से हो रहा कनीना के लघु सचिवालय का निर्माण कार्य

### -जनवरी में किया जाना था हैंडओवर लेकिन कार्य पूरा न होने की वजह से नहीं हो सका



**कनीना सुनील दीक्षित**
कनीना के नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन का निर्माण कार्य कछुआ गति से होने के कारण जनवरी माह में हैंडओवर नहीं हो सका। जनवरी 2025 तक पूरा करने का समय दिया गया था। लेकिन इस अवधि में यह कार्य पूरा नहीं किया जा सका। लोकनिर्माण विभाग की देखरेख में हो रहे इंटीरियर-फिटिंग के इस कार्य के होली पर्व तक पूरा होने की उम्मीद है। तत्कालीन एसडीएम सुरेंद्र सिंह की ओर से ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने तथा जनवरी माह के पहले सप्ताह में भवन हैंडओवर करने के निर्देश दिए थे। जिस पर ठेकेदार ने भी इस नियत अवधि में कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया था। ढिलाई के चलते कार्य लंबित है।
बता दें कि प्रदेश के तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने वर्ष 2015 में कनीना महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसभा में इसके बजट अलाट करने करने की घोषणा की थी। 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद विधायक सीताराम यादव,अभय सिंह व केंद्रीय वजीर राव इंद्रजीत सिंह एवं हाईकोर्ट के न्यायधीश की उपस्थिति में 23 मार्च 2022 को इसका शिलान्यास किया गया था। जबकि उपमंडल स्तरीय न्यायालय भवन का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है। बिना उचित भवन के कनीना में संचालित दो नियमित एवं एक साप्ताहिक कोर्ट भी जैसे-तैसे काम चला रही हैं। अधिवक्ता भी गर्मी-सर्दी एवं बारिश में टीनशैड के नीचे बैठकर कार्य करने को मजबूर हैं। बहरहाल लघु सचिवालय का कार्य पूरा होने के बाद आमजन को सुविधा मिलने की उम्मीद है।

अटेली हलके की नवनिर्वाचित विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा भवन का उद्घाटन किया जायेगा। एस-डीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि निर्माण कर रही कम्पनी को दरवाजे, खिडकी, बिजली-पानी, फिटिंग, रंग-पेंट व फर्नीचर के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण का कार्य पूरा होने पर एसडीएम कार्यालय सहित अन्य उपमंडल स्तरीय कार्यालय नए भवन में संचालित होगें।

## बसन्त पंचमी पर मंदिरों में हुआ पूजा-अर्चना का आगाज

**कनीना सुनील दीक्षित**
बसंत पंचमी के त्योंहार पर रविवार को मंदिरों में पूजा-अर्चना का आगाज हुआ। इसके साथ युवाओं ने खेतों में जाकर रबि फसल के संग उत्साह दिखाया। इस बारे में पंडित ताराचंद कौशिक ने बताया कि बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला त्यौहार है जिसमे हमारी परम्परा, भौगौलिक परिवर्तन,सामाजिक कार्य तथा आध्यात्मिक पक्ष सभी का सम्मिश्रण है, हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को यह त्यौहार मनाया जाता है। वास्तव में भारतीय गणना के अनुसार वर्ष भर में आने वाली 6 ऋतुओं,बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर में बसंत को ऋतुराज माना गया है। बसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन का दिन भी है। इस दिन से प्राकृतिक सौन्दर्य निखारना शुरू हो जाता है, पेड़ों पर नयी पत्तिया और कलियां खिलना शुरू हो जाती हैं। पूरी प्रकृति एक नवीन ऊर्जा से भर उठती है। बसंत पंचमी को विशेष रूप से ज्ञान की देवी मां सरस्वती जयंती के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थी माता सरस्वती की पूजा उपासना कर उनसे विद्या बुद्धि प्राप्ति की कामना करते हैं। इस दिन पीले वस्त्र पहनने और खिचड़ी बनाने और बांटने की प्रथा भी प्रचलित है तो कहीं आकाश में रंगीन पतंगे उड़ने की परम्परा भी प्रचलित है। बसंत पंचमी के दिन स्वयं सिद्ध मुहूर्त और अनबूझ विवाह भी माना गया है। कोई भी शुभ मंगल कार्य करने के लिए पंचांग शुद्धि की आवश्यकता नहीं होती। इस दिन भवन नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदना, व्यापार आरम्भ करना, सगाई और विवाह आदि मंगल कार्य किये जाते हैं। भक्त लोग, ज्ञान प्राप्ति और सुस्ती, आलस्य एवं अज्ञानता से छुटकारा पाने के लिये, आज के दिन देवी सरस्वती की उपासना करते हैं। विद्यालयों में भी आज के दिन सुबह के समय माता सरस्वती की पूजा की जाती है। सुबह-सवेरे सरस्वती पूजा का समय श्रेष्ठ माना जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का हुआ समापन समारोह, मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रहे



रविवार को हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड द्वारा सरस्वती तीर्थ पिहोवा, कुरूक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय समापन समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रहे तथा समारोह की अध्यक्षता सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच ने की। इस शुभ अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक और महंत राजेन्द्र पूरी ने समारोह में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं सहित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व सर्टिफिकेट वितरित किए। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की स्थापना 2015 में मनोहर लाल ने पहली बार मुख्यमंत्री बनने के कुछ समय बाद की थी और अब इसके अध्यक्ष प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैं।

## बैंक खाते और पासवर्ड जैसी जानकारी साझा करने से बचे आमजन : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### -बोले, साइबर ठगी का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 और 14444 पर दें तुरंत शिकायत



**अनिल मोहनियां नूंह**
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि आज के समय में ऑनलाइन शॉपिंग का प्रचलन बढ़ गया है। इसी के मद्देनजर. ऑनलाइन शॉपिंग करते समय आमजन सतर्क व जागरूक रहकर धोखाधड़ी के शि-ाकार होने से बचें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार होने पर तुरंत गृह मंत्रालय द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और 14444 पर कॉल करें और घटना की सूचना दें।
उन्होंने बताया कि बंपर डिस्काउंट, लॉटरी और ईनाम का लालच देकर साइबर अपराधी ऑनलाइन ठगी करते हैं। आमजन कई बार लालच में आकर संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि बैंक खाते और पासवर्ड जैसी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। किसी भी प्रकार की अनचाही कॉल, मैसेज या ईमेल से सतर्क रहें और केवल अधिकृत वेबसाइट्स पर ही शॉपिंग करें। पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सावधानी ही धोखाधड़ी से बचने का सबसे अच्छा उपाय है।
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 या 14444 डायल करें और अपनी शि-ाकायत को नेशलन साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने जिला के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें।

## कश्मीर में ऊंची इमारतों के निर्माण का विरोध

श्रीनगर । जम्मू कश्मीर देश का सबसे उच्च भूकंप जोखिम वाला क्षेत्र है। राज्य सरकार पांच मंजिल तक का भवन बनाने की अनुमति देने का संशोधन करने जा रही है। इसका जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। अभी जम्मू कश्मीर में तीन मंजिल से ज्यादा कोई भवन नहीं बनाया जा सकता है। नेशनल कांफ्रेंस की सरकार इस नियम को बदलने की तैयारी कर रही है।सरकार ने फ्लोर एरिया रेशियो पर लगी प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है। इसका बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। कश्मीर घाटी के पर्यावरण विद्, वास्तुकार,सामाजिक संस्थाएं,विपक्ष सभी इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वालों का कहना है, कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ज्यादा भार वहन करने के लायक नहीं है। सरकार इस प्रस्ताव को रद्द करे।घाटी में यदि पांच मंजिला भवनों का निर्माण होगा, तो घाटी में तबाही आ सकती है।

## पटना में पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

### - मुर्गी फार्म से 3 राइफल, 24 जिंदा कारतूस, 1 हैंड ग्रेनेड और 2 किलो गांजा बरामद

पटना। पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर बगीचा स्थित मुर्गी फार्म में छिपे थे अवैध हथियारों और नशीले पदार्थ। पुलिस टीम द्वारा की गई छापेमारी में 3 राइफल, 24 जिंदा कारतूस, 1 हैंड ग्रेनेड और 2 किलो गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई से अवैध गतिविधियों के नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर बगीचा स्थित एक मुर्गी फार्म में भारी मात्रा में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा छिपाया गया है। इस सूचना के आधार पर दानापुर एसडीपीओ-2 पंकज मिश्रा के नेतृत्व में मनेर थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन हथियारों और नशीले पदार्थों को कहां से लाया गया। खासतौर पर हैंड ग्रेनेड जैसा हथियार इनके पास कैसे पहुंच गया। साथ ही पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन सबका इस्तेमाल किस लिए किया जाना था। पटना सिटी एसपी (पश्चिमी) ने बताया कि पटना पुलिस लगातार अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चला रही है और इसी कड़ी में मनेर थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करेगी और नेटवर्क के बाकी अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पटना और उसके आसपास के इलाकों में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। शराबबंदी के बाद से ही बिहार में सूखे नशे के सप्लायरों ने अलग नेटवर्क ही खड़ा कर दिया है। लेकिन अब नशे के सामान के साथ हथियार और खासतौर पर हैंड ग्रेनेड मिलने से पुलिस के भी कान खड़े हो गए हैं। जल्द ही इस मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है।

## कोहरे की वजह से कोलकाता हवाई अड्डे पर 13 उड़ानें प्रभावित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे और खराब दृश्यता के कारण कुल 13 उड़ानें प्रभावित हुईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के निदेशक प्रवत रंजन बेउरिया ने बताया कि कोहरे के कारण कम से कम दो उड़ानों के आगमन और 11 अन्य के प्रस्थान में देरी हुई। उन्होंने बताया कि कोहरे के कारण रविवार सुबह हवाई अड्डे पर कम दृश्यता प्रक्रिया (एलवीपी) लागू की गई थी। कोलकाता में तैनात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि विमान यातायात नियंत्रक (एटीसी) एलवीपी की घोषणा तब करता है, जब दृश्यता 800 मीटर से कम हो जाती है, जिसके बाद 'फॉलो-मी वाहन' विमानों को उनके स्टैंड तक ले जाते हैं। एलवीपी तब भी लागू की जाती है, जब बादल की ऊंचाई 200 फीट से नीचे होती है।

## बजट का असर : 21 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

नई दिल्ली। कॉर्पोरेट मंत्रालय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का पायलट प्रोजेक्ट चला रहा है, जिसका उद्देश्य 2024-25 में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। इसके लिए 840 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। अब तक कंपनियों द्वारा 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं और इसके लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। केंद्र सरकार ने 2025-26 के बजट में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 21 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा है। ये नौकरियां मछली पालन, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण जैसे क्षेत्रों में उत्पन्न होंगी। आपको बता दें कि यह आंकड़ा पिछले साल जुलाई में प्रस्तुत किए गए बजट के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 61 लाख से अधिक कारीगर, जिनमें महिलाएं और एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों के लोग शामिल हैं, आत्म-रोजगार प्राप्त करें।बजट दस्तावेज के अनुसार, सबसे अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए है, जिसका उद्देश्य 11 लाख लोगों को रोजगार देना है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य 2024-25 में भी ठीक यही था। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम इस सूची में दूसरे नंबर पर है, जिसका उद्देश्य 5.8 लाख रोजगार अवसर उत्पन्न करना है। अगस्त 2008 में लॉन्च किया गया यह कार्यक्रम एक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना है, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है।वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के तहत बजट में 35,000 से अधिक रोजगार उत्पन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज योजना के तहत सरकार 30,000 रोजगार उत्पन्न करने का लक्ष्य रख रही है। यह योजना 2012 में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन और निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करने और विकलांगता को दूर करने के लिए शुरू की गई थी।

# लोगों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं, विदेशी यात्राओं में दिल्ली के बारे में बताने में आती है शर्म

### -विदेश मंत्री जयशंकर ने चुनावी रैली में आप सरकार पर बोला हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव में अब कुछ दिन शेष रह गए हैं इसको लेकर चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। इसी कड़ी में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विदेश दौरों में उन्हें यह छुपाना पड़ता है कि देश की राजधानी दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जयशंकर ने दिल्ली की आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उन्हें यह बताने में शर्म महसूस होती है कि दिल्ली के लोगों को घर नहीं मिलते, सिलेंडर नहीं मिलते, या पानी नहीं मिलता है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दक्षिण भारतीय लोगों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली विकास की दौड़ में पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले 10 सालों में दिल्ली में विकास नहीं हुआ है। दिल्ली के नागरिकों को उनके बुनियादी अधिकार- पानी, बिजली, गैस, सिलेंडर, और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अगर आप सरकार लोगों को उनका हक नहीं देती, तो 5 फरवरी को इस सरकार को बदलने पर विचार करें।

इससे पहले जयशंकर ने एक कार्यक्रम में युवाओं से सही चुनाव करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं के बिना 'विकसित भारत' संभव नहीं है। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते देश के विकास की छवि को दर्शाती है। जब विदेशी लोग दिल्ली आते हैं, तो जो कुछ वे यहां देखते हैं, उससे भारत की छवि बनती है। उन्होंने दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर भी चिंता जताई और कहा कि पिछले पांच सालों में मैंने कई समस्याएं देखी हैं। अवैध कॉलोनियों में सड़कें नहीं हैं, नियमित पानी की आपूर्ति नहीं है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में 5 फरवरी को मतदान होना हैं, जिसमें आप सरकार को बीजेपी की कड़ी चुनौती मिल रही है। इस चुनाव में बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल की आप सरकार को हटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं आम आदमी पार्टी अपनी 10 साल की उपलब्धियों को गिनाकर सत्ता में वापसी की कोशिश में है। ऐसे में 8 फरवरी को आने वाले परिणाम से ही साफ हो जाएगा कि आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करती है, या फिर बीजेपी तख्तापलट करने में कामयाब होती है।

## सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो : दलित युवती प्रकरण पर मायावती ने कहा

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है।' मायावती ने कहा, 'यह बेहद दु:खद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।' इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर लिखा था, 'बेहद दु:खद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं। उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है।' यादव ने कहा था, 'प्रशासन ने तीन दिन पहले ही अगर परिवार की सूचना पर ध्यान दिया होता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी।' सपा प्रमुख ने इसी पोस्ट में मांग की थी, 'हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो दोषी हैं और जिन पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरती है, उन सबके ख़िलाफ़कठोरतम कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।'

## 4 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ के कपाट, डिमरी पुजारी गाडू घड़ा लेकर ऋषिकेश पहुंचे

### -धार्मिक मान्यता है वसंत पंचमी के दिन होती है कपाल खुलने की तिथि तय



**ऋषिकेश (एजेंसी)।** भगवान बद्रीधाम के कपाट खुलने की तारीख तय हो गई। डिमरी पुजारी गाडू घड़ा लेकर ऋषिकेश पहुंचे। रविवार को टिहरी जिले के नरेंद्रनगर राजमहल में गाडू घड़ा पहुंचेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार वसंत पंचमी के दिन ब्रदीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है। इस दिन तेल पिरोने की तिथि भी तय होती है। उसके बाद तेल को गाडू घड़े में भरा जाएगा। तब तक गाडू घड़ा राजमहल में ही रहेगा।

इस यात्रा वर्ष में ब्रदीनाथ धाम के कपाट 4 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे। नरेंद्र नगर, टिहरी स्थित राजमहल में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित सादे धार्मिक कार्यक्रम में राज परिवार, श्री ब्रदीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति, श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की उपस्थिति में धर्माचार्यों ने पंचाग गणना के मुताबिक श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। वहीं 22 अप्रैल को गाडू घड़ा के लिए तिलों से तेल पिरोने की तिथि भी तय की गई है।

बता दें कि ब्रदीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होती है। शनिवार को डिमरी पुजारियों के गांव डिम्मर में लक्ष्मी नारायण मंदिर से पूजा अर्चना और बाल भोग के बाद गाडू घड़ा को ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। देर शाम तीर्थनगरी में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के विश्राम गृह में गाडू घड़ा यात्रा यहां पहुंची। शाम को डिमरी पुजारियों ने परंपरा के मुताबिक विश्राम गृह में आरती की। पुजारी शैलेंद्र प्रसाद डिमरी, नरेश डिमरी, हरीश डिमरी, अरविंद डिमरी गाडू घड़ा यात्रा के साथ पहुंचे।

# मौसम फिर लेगा करवट: पहाड़ों पर बर्फबारी और उत्तर भारत के कई राज्यों में होगी बारिश



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। बदलाव की आहट से जहां पहाड़ों पर बर्फबारी होगी वहीं पंजाब से बिहार तक झमाझम बारिश होने का अनुमान है। इसी के चलते दिल्ली-एनसीआर से लेकर पूरे उत्तर भारत के मैदानी भाग के मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पूर्वी यूपी, बिहार और झारखंड में ठंड के साथ कोहरे का असर दिख रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पारा चढ़ा हुआ है, लेकिन रात के समय पारा गिर रहा है। दिल्ली के कई इलाकों में होमलेस लोगों को शेल्टर होम में शरण लेना पड़ रहा है।

उत्तर भारत में ठंड का असर कम हो रहा है। अगर उत्तर भारत के मौसम प्रणालियों को समझें तो गांव वाले इलाकों में रात और सुबह के समय काफी ठंड का एहसास अभी है, मगर दिन के समय खिलखिलाती धूप से गर्मी का एहसास हो रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार मौसम की ऐसी ही प्रणालियां चल रही हैं। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई इलाकों खासकर के यूपी के कई जिलों के लिए कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले 24 घंटे में बारिश होने के बाद से मौसम में बदलाव की संभावना है।पहाड़ों पर लगातार बारिश के साथ जमकर बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि लगातार बर्फबारी और बारिश से शुष्कता खत्म हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश से कश्मीर घाटी में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर खत्म हो गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में और अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। बारामूला, बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोनमर्ग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में कल शाम से रुक-रुककर बारिश जारी है। बारिश के कारण शुक्रवार को अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग की मानें तो न्यूनतम तापमान समान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज हो रहा है। वहीं, पंजाब-हरियाणा के कुछ इलाकों में शनिवार को बारिश के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई, मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर भी अगले तीन दिन तक बारिश की संभावना है।मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में चढ़ रहा पारा थमने वाला है। आज यानी कि रविवार को एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिसकी वजह से अगले 24 घंटे में दिल्ली में झमाझम बारिश होगी। वहीं, सोमवार को एक दूसरा और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली एनसीआर भारी बारिश की संभावना है। अगले दिनों तक दिल्ली में तापमान बढ़ा हुआ रहेगा, लेकिन बारिश हो जाने के बाद ठंड का एहसास बढ़ने और पारा गिरने की संभावना रहेगी। मौसम विभाग ने बताया कि आज से दिल्ली के आसमानों में बारिश छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, आज भी बढ़े रहने की संभावना है।

# महाकुंभ आए कैमरामैन को भारत आने पर पता चला महान क्यों कहलाता है



**प्रयागराज (एजेंसी)।** कुछ दिनों पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक विदेशी शख्स भंडारे से मिला खाना बड़े चाव से खाता दिखता है और लोग उसे हैरी पॉटर की संज्ञा देते हुए प्रचारित करना शुरू कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हैरी पॉटर फेम यह शख्स कोई और नहीं, इटली के निकोलो ब्रुग्नारा हैं। महाकुंभ में मिल रहे फेम का आनंद लेते हुए निकोलो महाकुंभ, यूरोप, भारत, योग और योगी सरकार के बारे में भी कई बातें बताते हुए मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। निकोलो इटली के कैमरामैन महाकुंभ मेला कवर करने आए हैं और यहां महाकुंभ पर बन रही एक डॉक्यूमेंट्री का भी हिस्सा हैं।

वह आए तो थे महाकुंभ की खबरें कवर करने, तस्वीरें खींचने, मगर अब खुद खबर बन गए हैं और इसका कारण सोशल मीडिया से मिल रही लोकप्रियता है। लोग उनके साथ सेल्फी लेने, रील्स बनाने और इंटरैक्ट करने को बेताब हैं और निकोलो ने खुद कभी नहीं सोचा था कि अपने देश से दूर वह इस तरह फेमस हो जाएंगे। निकोलो एक कुशल कैमरामैन हैं और वह महाकुंभ यह सोचकर आए थे कि उनकी खींची तस्वीरें उन्हें प्रसिद्धि दिलाएंगी। मगर, महाकुंभ में मिल रही पॉपुलैरिटी को चमत्कार मानते हुए निकोलो का कहना है कि उन्होंने कभी इस तरह लोगों के आकर्षण का केंद्र बनने की बात नहीं सोची थी। उनके अनुसार, लोगों से मिल रहा प्यार अभिभूत कर देने वाला है। उन्होंने किस्से-कहानियों में सुना था कि भारत चमत्कार का देश है और अब एक चमत्कार ने ही उनकी जिंदगी बदलकर रख दी है।

निकोलो ब्रुग्नारा खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं कि इटली से वह महाकुंभ की कवरेज करने आए। उनके अनुसार, एक सीमित क्षेत्र में करोड़ों लोगों का यूं जुटना, स्नान-पूजन, ध्यान करना और छिटपुट घटनाओं के इतर इतने समायोजित तरीके से पूरी प्रक्रिया का प्रबंधित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। उनके अनुसार, भारत की महानता इसी बात में है कि यह सबको बड़े प्यार से अपना अंग बना लेता है। यहां करोड़ों लोग जिस प्रकार स्वयं जुटकर शांतिपूर्वक पूजा-आराधना कर रहे हैं, यह अकल्पनीय दृश्य है। उनका मानना है कि यूरोप में तो इस तरह के दृश्य के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है, क्योंकि आबादी के साथ ही व्यवहार के लिहाज से भी यूरोपीय देशों के लिए इतने विशाल जनसमुद्र को समायोजित करना असंभव है।

निकोलो को इस बात पर आश्चर्य है कि उन्होंने तो कभी खुद की तुलना हैरी पॉटर का किरदार निभाने वाले एक्टर डैनियल रैडक्लिफ से नहीं की। उनके अनुसार, डैनियल से कहीं ज्यादा सुंदर तो वह खुद हैं, मगर सोशल मीडिया पर भंडारे का खाना खाते किसी शख्स ने उनका वीडियो वायरल कर दिया और तभी से वह हैरी बनकर महाकुंभ में जादूगरी के मिथकीय विश्वविद्यालय हॉगवर्ड्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

निकोलो ने महाकुंभ के आयोजन को लेकर डबल इंजन की सरकार, विशेषकर योगी सरकार के साथ ही स्थानीय मेला प्रशासन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह खुद योग प्रैक्टिशनर हैं और उन्हें पता है कि योग की शक्ति से क्या कुछ नहीं हो सकता। सीएम योगी की कार्यप्रणाली से प्रभावित दिखे निकोलो का मानना है कि जो योगी जी कर सकते हैं, वह किसी और के बस की बात नहीं है।

## महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे का दावा, संजय राउत कांग्रेस में शामिल होने के लिए कर रहे बातचीत



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने दावा किया कि शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत कांग्रेस में शामिल होने के लिए दिल्ली में एक नेता से बातचीत कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राणे ने कहा कि राउत का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के पास उन्हें एक और कार्यकाल के लिए जीत दिलाने को लेकर पर्याप्त विधायक नहीं हैं। महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट पर जीत हासिल की थी।

राणे ने संवाददाताओं से कहा, ''राउत को 'सामना' (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का मुखपत्र) में लिखना चाहिए कि वह शिवसेना (उबाठा) में कितने समय तक टिके रहेंगे। उन्हें उस नेता के बारे में लिखना चाहिए, जिनसे वह दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्हें इस मुद्दे पर भी बयान देना चाहिए।'' बार-बार प्रयास करने के बावजूद राउत से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका। राणे की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब राउत ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री तथा शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच मतभेद से राज्य में शासन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राउत ने शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में दावा किया कि शिंदे अभी तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद पुनः नहीं दिया गया और वह इस पद को फिर से हासिल करने की बेहद कोशिश कर रहे हैं और फडणवीस इससे अच्छी तरह से वाकिफ हैं। शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस सहयोगी हैं।

## 5 फरवरी को त्रिपुरा आएंगे गृहमंत्री शाह, चयनित लोगों को बाटेंगे नियुक्ति पत्र

अगरतला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 फरवरी को त्रिपुरा सरकार में मल्टी-टास्किंग स्टाफ (ग्रेड-डी) पदों के लिए चयनित लोगों को नौकरी के प्रमाण पत्र बांटेंगे। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 2021 में त्रिपुरा के संयुक्त भर्ती बोर्ड (जेआरबीटी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के जरिए से 2400 से ज्यादा उम्मीदवारों का चयन किया गया था। त्रिपुरा सीएम माणिक साहा और उनके कैबिनेट सहयोगी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम साहा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामान्य डिग्री कॉलेजों को मजबूत करने के लिए डिग्री कॉलेजों के लिए प्राचार्यों के 13 पदों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने एक अलग पोस्ट में घोषणा की कि राज्य के सरकारी सामान्य डिग्री कॉलेजों के लिए 201 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती की जाएगी इसकी अधिसूचना पहले ही प्रकाशित की जा चुकी है। इस बीच सीएम साहा ने केंद्रीय बजट 2025 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट समावेशी बजट है जो सबका साथ, सबका विकास के विजन को पूरा करेगा।


# यूक्रेन के एनएसए ने अजीत डोभाल से की बात, क्या जंग रुकवाने में अहम होगी भारत की भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और यूक्रेन के एनएसए के बीच फोन पर बात हुई है। इसकी जानकारी खुद यूक्रेन की ओर से दी गई है। यूक्रेन ने बताया है कि पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से बात हुई है। इस बातचीत में यूक्रेन और भारत के रिश्तों को लेकर चर्चा हुई है। साथ ही यूक्रेन के मौजूदा हालात पर चर्चा हुई है। इसके अलावा यूएस प्रेसिडेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन में बदलाव के मद्देनजर साझा तौर पर किस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए। इस लेकर भारत के साथ यूक्रेनी एनएसए ने चर्चा की है।

जाहिर तौर पर ये बातचीत तब हुई है, जब बार बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि मैं रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकवा दूंगा। खासतौर से जब अमेरिका और रूस दोनों ही अपने राष्ट्रपतियों के बीच बातचीत की तैयारी में लगे हुए हैं। जिसकी पृष्णभूमिक पर लगातार काम हो रहा है। ताकी दोनों देशों के बीच कोई सफल बातचीत का आयोजन करवाया जा सके।

एक बात साफ है कि भारत युद्ध में एक बड़ी भूमिका के रूप में उभरा था। रूस से लेकर यूक्रेन तक भारत की भूमिका को बहुत अहम मनाता हैं। एक ओर बातचीत की तैयारी हो रही है। दूसरी ओर रूस की सेना यूक्रेन में लगातार तेजी से हमले कर रही है। रूस ने दावा किया कि उसने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में एक और गांव पर कब्जा किया है तथा करीब तीन साल के युद्ध के बाद वह महत्वपूर्ण यूक्रेनी साजो-सामान केंद्र पोक्रोव्स्क के और नजदीक पहुंच गया है। हालांकि, रूस के दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है कि उसकी सेना ने नोवोवासिलिव्का पर कब्ज़ा किया है। रूसी सेना महीनों से पोक्रोव्स्क और पास के चासिव यार जैसे प्रमुख दोनेत्स्क गढ़ों पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं, खेत और जंगलों में अपना रास्ता बना रही हैं तथा छोटी ग्रामीण बस्तियों को अपने कब्जे में ले रही हैं।

ट्रंप लगातार कह रहे थे कि उनके शपथ लेते ही युद्ध रुक जाएगा। उन्होंने यूक्रेन को थोड़ी सी राहत की सांस दी है। 90 पैट्रेट मिसाइल डिफेंस सिस्टम को यूक्रेन की मदद के लिए भेजा है। ये वहीं मिसाइल सिस्टम है जो इजरायल के लिए पहले तैनात किए गए थे। वहीं बात डोभाल की जाएं तब पहले बीते साल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्हें इसकी जानकारी दी थी कि पीएम नरेंद्र मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के बीच में क्या बातचीत हुई थी।



# नए साल में कमाई के मामले में मस्क से भी आगे निकल गए कई रईस

### फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में पिछले साल 203 अरब डॉलर की तेजी आई थी। अब 437 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ अब भी नंबर बने हुए हैं। लेकिन नए साल में कमाई के मामले में कई रईस उनसे आगे निकल गए हैं। मस्क की नेटवर्थ में इस साल अब तक 5.05 अरब डॉलर की तेजी आई है। इस साल अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने के मामले में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के मार्क जकरबर्ग पहले नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक जकरबर्ग की नेटवर्थ में 8.86 अरब डॉलर की तेजी आई।

इस साल उनकी नेटवर्थ 15.4 अरब डॉलर बढ़ी है। वह 223 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ इस साल 12.7 अरब डॉलर बढ़ी है जबकि चेंगपेंग झाओ की नेटवर्थ में 11.9 अरब डॉलर की तेजी आई है। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 7.63 अरब डॉलर की तेजी आई है और वह 246 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं।

लैरी पेज की नेटवर्थ में इस साल 5.98 अरब डॉलर और सर्गेई ब्रिन की नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसी तरह माइकल डेल की नेटवर्थ 4.54 अरब डॉलर बढ़ी है। भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के कारण मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की नेटवर्थ में गिरावट आई। अंबानी की नेटवर्थ में 2.59 अरब डॉलर और अडानी की नेटवर्थ में 3.53 अरब डॉलर की गिरावट आई। अडानी इस साल 4.21 अरब डॉलर गंवा चुके हैं जबकि अंबानी ने 11.9 करोड़ डॉलर गंवाए।

# महंगाई की वजह से कंपनियों ने किया पैकेट का आकार छोटा

### - अब 10 रुपए का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा, लेकिन कीमत वही

**नई दिल्ली ।**

महंगाई को देखते हुए एफएमसीजी कंपनियों ने प्रोडक्ट के पैकेट का साइज कम कर दिया है। अब 10 रुपये का बिस्कुट पैकेट पहले से छोटा हो गया है, लेकिन कीमत वही रखी गई है। इस बदलाव के पीछे महंगाई और उपभोक्ता की बजट से बाहरी कीमतों का असर है। उच्च महंगाई ने स्नैक्स, साबुन और चाय जैसी चीजों की कीमतें बढ़ा दी है, जिसके कारण कंपनियां बजट से बाहर होने के दर से उपभोक्ता के लिए सस्ते पैकेट उपलब्ध करा रही हैं। विश्लेषकों ने कहा कि चालू तिमाही में कुछ कंपनियां कीमतों में और बढ़ोतरी कर सकती हैं। मैरिको के एक अे धिकारी ने हाल ही में कहा था कि वह प्रोडक्ट्स की कीमत में वृद्धि करने की प्रक्रिया में हैं। कमजोर शहरी मांग के कारण एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रही है। वहीं अच्छे मानसून के कारण ग्रामीण बाजार बढ़ रहे हैं। हालांकि, सुधार धीरे-धीरे हो रहा है और अकेले शहरी मंदी की भरपाई नहीं कर सकता। उच्च कमोडिटी मुद्रास्फीति का मतलब है कि कंपनियों के पास खपत बढ़ाने के लिए कीमतें कम करने की कोई गुंजाइश नहीं है। एक



विश्लेषक ने कहा कि अगर उपभोक्ता 1 किलो चाय और मल्टी-पैक साबुन खरीदने की जगह 500 ग्राम चाय पैक और एक या दो साबुन खरीदने लगते हैं तो यह निश्चित रूप से कंपनियों की तिमाही वॉल्यूम वृद्धि को प्रभावित करेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने ताबड़तोड़ सोना खरीदकर अपना भंडार बढ़ाया

### आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा




**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की खरीद ताबड़तोड़ बरकरार रखी है। आरबीआई ने पिछले साल 2024 में 73 टन सोना खरीदा है, जो चीन के खरीद से भी अधिक है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में कुल 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें से आरबीआई का 8 टन सोना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार संभावित अनिश्चितताओं के माहौल में केंद्रीय बैंकों ने इस सुरक्षित संपत्ति का महत्व समझकर सोने के खरीदार बने रहे हैं। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने 53 टन सोना बढ़ाया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने अपने भंडार में और 8 टन सोना जोड़कर इस वर्ष की खरीद की मात्रा 73 टन हो गई है। आरबीआई के साथ पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी भी दूसरे स्थान पर है, जो नवंबर में 21 टन सोना खरीदकर अपने भंडार में जोड़ता गया है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं पर ध्यान देने के साथ उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों का उत्कृष्ट सोने की खरीद सतत कर रहा है, जो आर्थिक संसाधनों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर सकता है। यह एक बड़ी चेतावनी है कि अर्थव्यवस्था में किसी भी आपात स्थिति में, सिर्फ सोना ही है जो संभाल सकता है।

# 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही सैमसंग




**मुम्बई ।**

जल्द ही आपको सैमसंग की गैलेक्सी डिवाइसेज में 500 मेगापिक्सल का कैमरा सेंसर देखने को मिल सकता है। कंपनी अभी 200 मेगापिक्सल तक के कैमरा वाले फोन ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सैमसंग आईफोन 18 सीरीज के लिए भी थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर डिवेलप कर रहा है।

यह जानकारी टिपस्टर ने एक एक्स पोस्ट में दी। माना जा रहा है कि कंपनी 500 मेगापिक्सल का कैमरा गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में ऑफर कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सैमसंग स्मार्टफोन फोटोग्राफी में बाकी कंपनियों से काफी आगे निकल सकता है। अफवाह है कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा में कंपनी जबर्दस्त इमेजि प्रोसेसिंग ऑफर करने वाली है, जो हाई-रेजॉलूशन सेंसर के आउटपुट को और बेहतर बनाएगा। कंपनी अपने डिवाइसेज के अलावा ऐपल के लिए थ्री-लेयर स्टैक्ड सेंसर बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस सेंसर का पीडी-टीआर- लॉजिक कॉन्फिगरेशन मोजूदा आईफोन्स में ऑफर किए जा रहे सोनी के एक्समोर आरएस इमेज सेंसर की परफॉर्मेंस से काफी बेहतर होगा। आईफोन 18 सीरीज के डिवाइस पहले ऐपल स्मार्टफोन हो सकते हैं, जिनमें सैमसंग का सेंसर ऑफर किया जा सकता है।

इसमें 1/2.6 इंच की साइज वाला 48 मेगापिक्सल का सेंसर भी शामिल हो सकता है। अफवाहों के अनुसार आईफोन 18 सीरीज में कंपनी मेन कैमरा के लिए वैरिएबल अपर्चर टेक्नोलॉजी ऑफर कर सकती है। इसकी मदद से यूजर अलग-अलग लाइटिंग कंडीशन में अपर्चर को बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अडस्ट कर सकेंगे। बताते चलें कि ऐपल अपनी आईफोन 18 सीरीज में नेक्स्ट जेनरेशन ए20 चिपसेट ऑफर कर सकता है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खाताधारकों को मिली बड़ी राहत

### - गलत तरीके से पैसा कटा तो बैंक होगा जिम्मेदार

**नई दिल्ली ।**


सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें उन्होंने खाताधारकों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी ग्राहक के खाते से अनधिकृत और धोखाधड़ी वाला ऑनलाइन लेनदेन होता है, तो उसे तीन दिनों के भीतर रिजर्व बैंक को शिकायत दर्ज करानी होगी। इस मामले में बैंक को ग्राहक को नुकसान की राशि की भरपाई करनी होगी। इस फैसले से ग्राहकों को सुरक्षा और विश्वास भी` मिलेगा। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि बैंकों को धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता लगाने और रोकने के लिए तकनीकों का सही उपयोग करना चाहिए। यह फैसला न केवल ग्राहकों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि बैंकों को भी उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए मजबूर करेगा। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। इस फैसले के तहत भारतीय स्टेट बैंक को एक ग्राहक को 94,204 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। यह मामला 18 अक्टूबर 2021 को हुए एक अनधिकृत लेन-देन के मामले से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है और एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया गया है। यह फैसला ग्राहकों को समय पर शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और बैंकों को उनकी सुरक्षा प्रणालियों को मेहराबान करेगा। ग्राहकों को अब यह आशा है कि उनकी शिकायतों की ठीक कार्रवाई की जाएगी और उनके नुकसान की पूर्ति होगी।

## भूगर्भ में छिपा हुआ है हाइड्रोजन का विशाल भंडार

### दुनिया को लगभग 200 साल तक कर सकता है बिजली सप्लाई

**वॉशिंगटन ।**

आधुनिक वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के भूगर्भ में छिपा हुआ हाइड्रोजन अद्वितीय संसाधन हो सकता है जो पूरी दुनिया को लगभग 200 साल तक बिजली सप्लाई कर सकता है। यह खोज एक नया मार्ग प्रदर्शित कर सकती है। हालांकि, हाइड्रोजन हाइड्रोजन के बारे में कुछ बुनियादी सवाल उठाए जा रहे हैं। भंडारण की अवधि, उत्पादन प्रक्रिया और उपयोग के प्रकार पर विचार किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्राकृतिक संसाधन में ऐसी दुर्लभता मौजूद है जो सभी पूर्वानुमानों को छुड़ा सकती है। यह जनस्वास्थ्य, वायुप्रदूषण और ऊर्जा संयंत्रों के साथ सांचा हिट कर सकता है। जबकि शोधकर्ता इस संसाधन को पहचान चुके हैं, उन्हें इसे उत्पादित करने के लिए केसे निकालेंगे और कैसे वैश्विक स्तर पर इसे लागू करेंगे, यह भी सोचने लायक सवाल है। आखिरकार, जब हम अपने पर्यावरण के लिए उर्जा की जरुरत से सजग हो रहे हैं, हाइड्रोजन का संसाधन समय की आवश्यकताओं का अनुपालन करने में मदद कर सकता है।



## तुअर की दाल के दामों में भारी गिरावट

**इंदौर ।** भारत के बाजारों में तुअर के दामों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक 500 रूपये प्रति क्विंटल की गिरावट आ चुकी है। उत्पादक मंडियों मे तुअर की आवक बढ़ रही है। दाल मिलों और स्टॉकिस्टों की ठंडी मांग के चलते बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयातकों की बिकवाली होने से बाजारों में तुअर दाल के दामों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इंदौर की मंडी में तुवर के भाव 6900 प्रति क्विंटल रह गए हैं।व्यापारियों के अनुसार मुंबई पोर्ट पर लेमन तुअर 6900 सफेद तुअर 6500 तथा उड़द का 7800 रुपए प्रति क्विंटल पर पर कारोबार हो रहा है।

## इंडो फार्म का शेयर 20 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध

### - बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की

**नई दिल्ली ।** इंडो फार्म इक्विपमेंट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 215 रुपये से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 258.40 रुपये पर शुरुआत की जो निर्गम मूल्य से 20.18 प्रतिशत का बढ़त दिखाता है। इसके बाद यह 33.44 प्रतिशत चढ़कर 286.90 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर यह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 256 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,355.30 करोड़ रुपये रहा। इंडो फार्म इक्विपमेंट के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले दिनों बोली के अंतिम दिन तक 227.57 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 260 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 204-215 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इंडो फार्म इक्विपमेंट ट्रैक्टर, पिक एंड कैरी क्रेन और अन्य कृषि उपकरण बनाती है।

## भारतीय प्रौद्योगिकी की गाथा बेहद रोमांचक, सीईएस में जारी रहेगी: शीर्ष अधिकारी

### - प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 10 जनवरी तक चलेगा

**लास वेगास ।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो (सीईएस) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी गाथा बेहद रोमांचक है और उम्मीद की जा रही है कि यह सीईएस में जारी रहेगी। सीईएस, दुनिया का सबसे बड़ा प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, 10 जनवरी तक चलेगा। यहां वैश्विक कंपनियां नवोन्मेषी स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोग, मीडिया तथा सरकारी अधिकारी भाग लेंगे। 1,400 स्टार्टअप सहित 4,500 से अधिक प्रदर्शक इसमें शामिल होंगे। केली ने कहा कि भारत तेजी से एक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है और इसका महत्व वैश्विक प्रौद्योगिकी परिवेश में बढ़ रहा है। उन्होंने इस संस्थान से भारतीय कंपनियों के साथ विकास के लिए साझेदारी की बात कही। सीईएस में पहली बार भारतीय मंडप समेत कई छोटे उद्यम शामिल होंगे, जिसे उन्होंने रोमांचक बताया। बड़ी तथा छोटी कंपनियां अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और समाधान को प्रदर्शित करेंगी। संगठन अनुसार 300 से अधिक सम्मेलन सत्रों में 1,100 वक्ता भाग लेंगे। इस वर्ष भारत के स्टार्टअप और उद्यमिता के प्रौद्योगिकी उत्पादों का प्रदर्शन करेंगें। सीईएस एक अवसर है जहां विश्व में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा।

## कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व 39 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच 'कैंडेरे फॉर्मेट' में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।

## स्मार्टफोन कलपुर्जों पर शुल्क कटौती से प्रभावित होगा इलेक्ट्रॉनिक परिवेश: जीटीआरआई

### - व्यवसायिक उत्पादन को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2025-26 के सरकारी बजट में स्मार्टफोन के कलपुर्जों पर सीमा शुल्क में कटौती की पूर्वानुमानित सूचनाएं भारतीय व्यावसायिक सेक्टर को लेकर चिंताजनक संकेत दे रही हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने इस विषय पर अपनी रिपोर्ट में दावा किया है। जीटीआरआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि स्मार्टफोन उद्योग ने वर्ष 2023-24 तक भारत के लिए बड़े निर्यात का दरवाजा खोला है। इसका निर्यात 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, सीमा शुल्क में कटौती की संभावना पर चिंता जताते हुए उन्होंने बताया कि ऐसी कटौती से व्यवसायिक उत्पादन को नुकसान पहुंच सकता है। यह उत्पादन में कमी लाने, निवेश की कमी करने और नौकरियों के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस स्थिति से बचने के लिए शुल्क में कटौती की बजाय कंपनियों को अपने भंडारण और आयात की क्षमता में सुधार करने की आवश्यकता है। जीटीआरआई के अनुसार, इस निर्णय से भारत के व्यावसायिक सेक्टर पर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार को सख्ती से कुछ सरल और कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है।



# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### उर्जा शेयरों में रही तेजी

**मुम्बई ।**


भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से घरेलू शेयर ऊपर आया है। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। आज उर्जा शेयरों में तेजी से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी जैसे शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 234.12 अंक करीब 0.30 फीसदी की बढ़त लेकर 78,199.11 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 91.85 अंक तकरीबन 0.39 फीसदी की बढ़त लेकर 23,707.90 के स्तर पर बंद हुआ। आज स्मॉल-कैप शेयरों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। वहीं निफ्टी मिडकैप 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा ऊपर आया। टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड और टाटा मोटर्स के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।

दूसरी ओर जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आया। टीसीएस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी गिरावट रही।

आज अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में इंट्रादे ट्रेड में उछाल आया। बाजार जानकारों के अनुसार उर्जा शेयरों से बाजार उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों में तेजी ने भी बाजार को सहारा मिला।




अन्य बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में उछाल से एशिया-प्रशांत बाजारों में तेजी रही। एसएंडपी 500 और नैस्डैक लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया के शेयरों में बड़ा उछाल आया।

ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के शेयर सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए थे। इसका असर एशियाई बाजारों पर भी दिखा।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 359.41 अंक चढ़कर 78,324.40 के लेवल पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी 134.40 अंकों की बढ़त के साथ 23,750.45 के स्तर पर खुला।

# चीनी होगी महंगी, 11 रुपए बढ़ सकते हैं दाम

### - किसानों को होगा फायदा पर आम आदमी की कटेगी जेब

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने किसानों और चीनी संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में बढ़ोतरी करने पर विचार करने का ऐलान किया है। इन मांगों की वजह से जल्द ही मीठा खाना महंगा हो सकता है। चीनी का एमएसपी वर्ष 2019 के बाद से बना हुआ है और अभी 31 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जो कि खुदरा बाजार में भी इसके दामों में बढ़ोतरी का कारण बन रहा है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने इस मुद्दे पर कहा कि सरकार जल्द ही फैसला लेगी कि एमएसपी में क्या बढ़ोतरी की जाए। भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ और राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने भी एमएसपी को बढ़ाने की मांग की है। एमएसपी का बढ़ना चीनी उत्पादन की लागत को दर्शाएगा और चीनी मिलों को आर्थिक मदद पहुंचाएगा। अगर एमएसपी बढ़ेगा तो इससे खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। चीनी की महंगाई से मिठाइयों सहित खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं। अगर चीनी का एमएसपी बढ़ाया जाता है तो इससे मिलों को आर्थिक मदद मिलेगी और किसानों का गन्ना बकाया भुगतान भी जल्दी होगा। फंड की कमी की वजह से अक्सर चीनी मिलों के पास गन्ना



किसानों का हजारों करोड़ रुपये बकाया रह जाता है।

चीनी का एमएसपी बढ़ाने जाने का मतलब होगा कि इसे तय कीमत से कम दाम पर खरीदा नहीं जा सकेगा। जब चीनी का एमएसपी ही करीब 11 रुपये बढ़ जाएगा तो निश्चित रूप से खुदरा बाजार में भी चीनी की कीमत बढ़ेगी और इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा। चीनी महंगी होने से मिठाइयों सहित खाने-पीने की ज्यादातर चीजों के दाम बढ़ सकते हैं।

## वीहांत टेक्नोलॉजीज ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र से जुटाए 90 लाख डॉलर

### अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली ।**

कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सुरक्षा तथा निगरानी समाधान प्रदाता वीहांत टेक्नोलॉजीज ने टू नॉर्थ के 'प्राइवेट क्रेडिट फंड' से गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये वित्तपोषण के एक दौर में 90 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 77 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि वीहांत ने अपनी वर्तमान पेशकशों को बढ़ाने तथा विमानन सुरक्षा, स्मार्ट शहरों और उद्यम विश्लेषण के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ाने हेतु 75 प्रतिशत धनराशि खर्च करने की योजना बनाई है। वीहांत के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि टू नॉर्थ से जुटाई गई यह धनराशि हमें विमानन सुरक्षा, स्मार्ट और सुरक्षित शहरों और उद्यम विश्लेषण समाधानों के क्षेत्रों में और अधिक अत्याधुनिक उत्पादों को विकसित करने और उन्हें पेश करने में मदद करेगी। यह हमें पश्चिम एशिया तथा यूरोप में भौगोलिक विस्तार में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) के जरिये जुटाई गई राशि 2026 तक 12 से 18 महीनों के भीतर आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने और कंपनी को सूचीबद्ध कराने की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगी।

# रोहित और कोहली का टेस्ट में भविष्य चयनकर्ताओं पर निर्भर: गावस्कर

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पिछले छह महीनों में टीम के खराब प्रदर्शन की गहन समीक्षा करने की वकालत करते हुए कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में भविष्य अब पूरी तरह से चयनकर्ताओं के हाथ में है।

गावस्कर ने एक साक्षात्कार में रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर चल रही बहस के संदर्भ में कहा, ''वे कितने समय तक टीम में रहेंगे यह वास्तव में चयनकर्ताओं पर निर्भर है। अब जबकि भारत डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है तो उन कारणों पर विचार करना उचित होगा कि ऐसा क्यों हुआ।'

डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जबकि भारत इसके फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। वह रविवार को समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हार के बाद फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। भारत को इस हार के कारण पिछले एक दशक में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से हाथ धोना पड़ा। उसकी पराजय का मुख्य कारण बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन रहा। रोहित और कोहली भारतीय बल्लेबाजी की कमजोर कड़ी साबित हुए।

कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए, जबकि रोहित ने पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। गावस्कर ने टीम के बल्लेबाजों की बार-बार विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यह स्पष्ट है कि पिछले छह महीनों में हमारी बल्लेबाजी विफल रही और यही मुख्य कारण था कि हम उन मैच में भी हार गए जो हमें जीतने चाहिए थे।'

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'इसलिए अगर इंग्लैंड में जून में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी के नए चक्र के लिए टीम में बदलाव की जरूरत है तो उम्मीद है कि चयनकर्ता इस बात पर गौर करेंगे कि 2027 में फाइनल तक कौन खिलाड़ी टीम में रहेगा और उसके अनुसार चयन करेंगे।% गावस्कर ने किसी खिलाड़ी का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि घरेलू क्रिकेट में कुछ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अब उन्हें उचित मौका देने की जिम्मेदारी चयनकर्ताओं पर है। उन्होंने कहा, 'जब तक उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा तो हमें कैसे पता चलेगा कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे?'

गावस्कर ने नितीश कुमार रेड्डी जैसी प्रतिभा को सामने लाने के लिए चयन समिति की भी सराहना की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के जिन तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए उनमें रेड्डी भी शामिल थे। शतक लगाने वाले अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कोहली थे। उन्होंने कहा, 'नितीश कुमार रेड्डी में क्षमता देखने और उसे टेस्ट टीम में चुनने के लिए अजीत अगरकर और उनकी टीम को बधाई।'

गावस्कर ने गेंदबाजी के बारे में कहा कि भारत के पास पर्याप्त प्रतिभा है, जिसे अपेक्षित अवसर दिए जाने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ी पर जरूरत से ज्यादा बोझ न पड़े। उन्होंने कहा, 'भारत के पास कई होनहार तेज गेंदबाज हैं जो मौके का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए और अगर अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं तो हमारे पास एक ऐसा आक्रमण हो सकता है जो किसी भी परिस्थिति में मैच जीत सकता है।'




भारतीय क्रिकेट में स्टार खिलाड़ियों को सिर पर बिठाए रखने की संस्कृति रही है जिसे समय-समय पर बड़ी समस्या माना जाता है लेकिन गावस्कर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने पांव जमीन पर बनाए रखना मुश्किल काम नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम हर दिन दर्पण में अपना चेहरा देखते हैं और चूंकि हम अपने साथ ऐसा करते हैं, इसलिए हम वर्षों में आए बदलावों पर ध्यान नहीं देते हैं। केवल जब हम पहले के दिनों की तस्वीरें या वीडियो देखते हैं तब हमें बदलाव के बारे में पता चलता है। इसके बाद हम सबसे अच्छा दिखने के लिए जरूरी बदलाव करने पर ध्यान देते हैं लेकिन ऐसा करने के लिए पूरी तरह से ईमानदार होना जरूरी है।'

# छह साल के तैराक रेयांश ने बनाया विश्व रिकार्ड, समुद्र में 15 किलोमीटर की दूरी तय की



**ठाणे (एजेंसी)।** मुम्बई के ठाणे में रहने वाले छह साल के रेयांश खामकर ने समुद्र में समुद्र में 15 किलोमीटर तैरकर नया विश्व रिकार्ड अपने नाम किया है। रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में पूरी की। इस नन्हे से तैराक की इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल कयिा गया है। रेयांश के कोच स्टारफिश स्पोर्ट्स फाउंडेशन के कैलाश अखाड़े हैं। रेयांश ने अपने पहले प्रयास में ही यह दूरी तय कर ली। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ए. आशीष शेलार, ठाणे जिला एमेच्योर तैराकी संघ के अध्यक्ष निरंजन डावखरे और महाराष्ट्र राज्य एमेच्योर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष राजेश मोरे ने इस रेयांया की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जव भविष्य की उम्मीद जतायी है।

# अब 2027 में होने वाले वाला डब्ल्यूटीसी फाइनल रहेगा भारतीय टीम का लक्ष्य

**–इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में सीरीज रहेंगी अहम**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 से बाहर हो गयी है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य 2027 में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल पर ध्यान देना रहेगा। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 सत्र की शुरुआत इसी साल जून में होगी। भारतीय टीम को इसके तहत सबसे पहले जून में इंग्लैंड से टेस्ट सीरीज खेलनी है। दोनो ही टीमों के बीच 20 जून से पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड से वापसी के बाद भारतीय क्रिकेट टीम इस साल दो घरेलू टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज और श्रीलंका से खेलेगी। भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी के साल 2025-27 सत्र के तहत इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के दौरे पर जाना है। इसमें से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इसलिए उसे डब्ल्यूटीसी 2025-27 के फाइनल में पहुंचने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड में सीरीज जीतनी या ड्रॉ करनी होगी। वहीं अगर वह हारी तो बाहर हो जाएगी। डब्ल्यूटीसी 2025-27 के फाइनल में पहुंचने के लिए किसी भी टीम को तकरीबन 60 फीसदी मैच जीतने होंगे।भारतीय टीम को विश्वप टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के कार्यक्रम में 6 सीरीज खेलनी हैं। जिसमें कुल 18 मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम को इनमें से 9 मैच अपनी धरती पर जबकि 9 विदेशी धरती पर खेलने हैं। भारतीय टीम इन 18 मैचों में से 10 मैच इंग्लैंड और 8 मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम 2026-27 में भारत का दौरा करेगी।




# दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाकिस्तान का किया सूपड़ा साफ

**केपटाउन (एजेंसी)।** कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज (तीन-तीन विकेट) और मार्को यानसन (दो विकेट) के बाद डेविड बेडिंघम (नाबाद 44) रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आज दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान का सूपड़ा साफ कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 478 के स्कोर पर समेटने के बाद मिले 58 रनों के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की डेविड बेडिंघम और एडन मारक्रम की सलामी जोड़ी शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। डेविड बेडिंघम ने 30 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुये (नाबाद44) रन बनाये। वहीं एडन मारक्रम 13 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीता। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। दूसरे टेस्ट में 259 रनों की शानदार पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकलटन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 80 रन देकर 10



विकेट लेने वाले मार्को यानसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। आज यहां पाकिस्तान ने कल के एक विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। मार्को यानसन ने खुर्रम शहजाद (18) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया।इसके बाद तो पाकिस्तान बल्लेबाजी लगातार अंतराल अपने विकेट गवांते चले गये। कामरान गुलाम (28), सऊद शकील (23), कप्तान शान मसूद (145) आगा सलमान (48) और मोहम्मद रिजवान (41), आमेर जमाल (34) तथा मीर हमजा (16) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान की पूरी टीम 122.1 ओवर में 478 के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 58 रन बनाने का लक्ष्य मिला है। दक्षिण अफ्रीका के लिए कगिसो रबाड़ा, केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिये और मार्को यानसन को दो विकेट मिले। वेना मफाका ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को पहली पारी में 194 के स्कोर पर सिमटने के बाद फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में रायन रिकलटन (259), तेम्बा बवूमा (106) और काइल वेरेन (100) रनों के महत्वपूर्ण योगदान से 615 रनों का स्कोर खड़ा किया था।

# मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

मुम्बई । स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में उतरेगी । वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है । आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की यह सीरीज 10 जनवरी से शुरू होगी और इसके सभी मैच राजकोट में खेले जायेंगे । हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेनुका को भी आराम दिया गया है । रेणुका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में 10 विकेट लिए थे । वह पीठ के स्ट्रेस फैक्चर से उबर रही हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले माह ही वेस्टइंडीज को टी20 सीरीज में 2–1 जबकि एकदिवसीय सीरीज में 3–0 से हराया था। इससे टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह आयरलैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी ।




आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु , साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे ।

# अपने सफल डेब्यू से उत्साहित है वेबस्टर




सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलरांउड ब्यू वेबस्टर अपने शानदार डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं । वेबस्टर ने भारतीय टीम के खिलाफ सिडनी टेस्ट में अपने पहले ही मैच में 57 और नाबाद 37 रन बनाए थे । इसके अलावा उन्होंने गेंदबाजी करते हुए शुभमन गिल का विकेट भी लिया था । वेबस्टर ने कहा, 'मेरे पास इस सफलता के लिए शब्द नहीं हैं । मुझे इस प्रकार के डेब्यू की उम्मीद नहीं थी । यह सपने जैसा पदार्पण मैच था । तीन दिन के भीतर जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है । मुझे भरोसा है कि सभी इसका जश्न मना रहे होंगे । वेबस्टर ने अंतिम टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर पर चौका लगाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलायी थी और उन्होंने कहा कि इस पल को वह कभी नहीं भूलेंगे । इस खिलाड़ी ने कहा, 'उस समय हमें चार रन ही चाहिए थे और मैने जब चौका लगाया तो मुझे लगा कि आपको अपने देश के लिये चौका लगाकर विजयी रन बनाने के कितने मौके मिलते हैं । उन्होंने कहा, 'मैने तय कर लिया था कि चौका लगाऊंगा और लगा भी सका । यह शानदार पल था जिसे मैं कभी नहीं भुला सकूंगा । शायद ऐसा कभी दोबारा नहीं होगा । निर्णायक टेस्ट में चौका लगाकर जीत तक पहुंचना । इससे बेहतर क्या हो सकता है । गौरतलब है कि वेबस्टर को खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श की जगह आखिरी टेस्ट के लिए टीम में जगह मिली थी ।

# भारत इस साल करेगा भाला फेंक प्रतियोगिता की मेजबानी, नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने मंगलवार को बताया कि भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें ओलंपिक स्वर्ण और रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे।

यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है। एएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने पुष्टि की कि भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है।



पिछले 12 साल से एएफआई के अध्यक्ष रहे सुमरिवाला ने इस खेल महासंघ की वार्षिक आम बैठक के पहले दिन कहा, 'भारत इस साल के आखिर में भाला फेंक की एक शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग लेंगे।% उन्होंने कहा, 'नीरज चोपड़ा वहां होंगे। वह उस टीम का हिस्सा हैं जो इस प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। जेएसडब्ल्यू, एक विदेशी फर्म और एएफआई मिलकर इस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे हैं।' सुमरिवाला ने बाद में पीटीआई को बताया कि यह प्रतियोगिता सितंबर में आयोजित की जा सकती है।

# सर्जरी के बाद इतनी सफल वापसी की उम्मीदें नहीं थी : राशिद

बुलावेयो । अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में मिली 72 रनों की जीत पर खुशी जतायी है । राशिद ने इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 94 रन देकर चार और दूसरी पारी में 66 रन देकर सात विकेट लिए थे । राशि ने कहा कि उन्हें सर्जरी के बाद इस प्रकार की वापसी की उम्मीद नहीं थी । उन्होंने कहा, तीन साल बाद टेस्ट क्रिकेट में पीठ की सर्जरी से वापसी करते हुए खेलना मुश्किल था । जीत को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक टीम का प्रयास है, जिस तरह से विरोधी टीम बल्लेबाजी में विफल रही उससे हम खेल में बढ़त हासिल करने में सफल रहे । राशिद ने रहमत शाह और युवा इज़मतुल्लाह के अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रशंसा की है । साथ ही कहा कि इन्होंने कठिन हालातों में अफगानिस्तान की दूसरी पारी को संभाला । उन्होंने कहा, जब टीम प्रयास करती है, तो आपके पास जीतने के अधिक अवसर होते हैं । जिस तरह से रहमत और इजमत ने बल्लेबाजी की, वह आसान नहीं था, खासकर इजमत के लिए जो डेब्यू पर पहली पारी में रन नहीं बना पाया था । इसके बाद जिस तरह से उसने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की वह काफी शानदार था । दोनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को उबारा जिससे राशिद को मैच बचाने का अवसर मिला पाया ।



# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तेज गेंदबाजों के चयन को लेकर संशय में बीसीसीआई

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति के लिए अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम चयन आसान नहीं होगा । चयनकर्ताओं के लिए सबसे ज्यादा परेशानी तेज गेंदबाजों के चयन की रहेगी । इसका कारण है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की एंठन से पीड़ित हैं जबकि एक साल से टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर भी संशय बना हुआ है। टीम के पास काफी बल्लेबाज और ऑलराउंडर हैं वह स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल हैं । तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हार्दिक पंड्या, नीतीश रेड्डी और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज हैं । अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली फार्म से बाहर चल रहे हैं पर इनका चयन पक्का है । रोहित और शुभमन गिल पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं । वहीं तीसरे नंबर पर विराट कोहली और चौथे नंबर पर ऋषभ पंत उतरेंगे । वहीं पांचवें नंबर के लिए टीम के पास केएल राहुल, श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी हैं। छठे से 11वें नंबर तक ऑलराउंडर और गेंदबाज उतरेंगे । ऑलराउंडर के लिए भारतीय टीम के पास रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान फिट होने पर जसप्रीत बुमराह संभालेंगे । इसके अलावा मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह को भी अवसर मिल सकता है । बुमराह पीठ में एंठन से परेशान हैं और इससे वह कब तक उबर जाएंगे ये अभी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है । वहीं मोहम्मद शमी भी फिटनेस हासिल करने के लिए घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं पर वह भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं । ऐसे में अगर बुमराह और शमी फिट नहीं होते तो तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज करेंगे जबकि तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार, में से किसी एक को ये अवसर मिल सकता है ।

# भारतीय टीम के नये कप्तान का फैसला बीसीसीआई के लिए आसान नहीं


मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा जिस प्रकार से खराब फार्म से गुजर रहे हैं । उससे जून में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में उनका खेलना तय नहीं है । उनकी उम्र भी करीब 38 साल हो रही है और ऐसे में भारतीय टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ नये कप्तान के साथ उतर सकती है । भारतीय टीम को अब डब्लयूटीसी 2025–27 की तैयारी में लगना होगा और इसके लिए भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) को नये कप्तान पर फैसला करना होगा हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा । भारतीय टीम एक दशक में पहली बार ऐसी स्थिति में है, जब उसे नया कप्तान चाहिए और उसके लिए उसके पास तीन विकल्प हैं । जिसमें पहला नाम जसप्रीत बुमराह का है । बमराह की कप्तानी में भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट जीताथा । उनके नाम पर सभी तैयार रहेंगे पर टीम प्रबंधन कार्यभार प्रबंधन के तहत उन्हें यह जिम्मेदारी से नहीं देना चाहेगा । बुमराह काम का बोझ बढ़ने के कारण दबाव में रहते हैं । पीठ में दर्द के कारण वह सिडनी टेस्ट में पूरे समय नहीं खेल पाये थे। इससे पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी फिटनेस के ही मामले को लेकर टी20 टीम की कप्तानी नहीं दी थी । इसका कारण है कि कि वे हर मैच में उपलब्ध नहीं रहते हैं । इसी आधार पर अच्छे रिकॉर्ड और अनुभवी के बावजूद हार्दिक पंड्या की जगह सूर्यकुमार यादव को कप्तान बना दिया गया । ऐसे में बुमराह को भी टेस्ट टीम का नियमित कप्तान बनाए जाने की संभावना कम ही है । उन्हें कुछ वक्त के लिए यह जिम्मेदारी जरूर दी जा सकती है । अगर बुमराह को कप्तान नहीं बनाया जाता तो केएल राहुल और ऋषभ पंत कप्तानी की दौड़ में शामिल हो जाते हैं । इनमें केएल राहुल की अंतिम ग्याहर में जगह पक्की नहीं रहती है जो उनका कमजोर पक्ष है। तीसरा नाम ऋषभ पंत है परन गावस्कर ने मेलबर्न टेस्ट में लापरवाह बल्लेबाजी के लिए जिस प्रकार उन्हें फटकारा उससे लगता है कि उन्हें अपने खेल में और गंभीरता लाने की जरूरत है । प्रेस रोहित शर्मा ने भी कहा था कि उन्हें समझने की जरूरत है कि किस वक्त में कैसा खेलना है ।

# शुभमन अगर तमिलनाडु से होता तो टीम इंडिया से बाहर होता

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद युवा बल्लेबाज शुभमन गिल चौतरफा आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। गिल ऑस्ट्रेलिया में पांच पारियों में केवल 93 रन ही बना सके जिससे फैंस के साथ ही क्रिकेट विशेषज्ञ निराश हो गए। इसी बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने बयान दिया है कि अगर गिल तमिलनाडु से होते, तो टेस्ट क्रिकेट में इतने खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर कर दिया गया होता। बद्रीनाथ ने कहा कि मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल है। उस स्तर पर उनसे जो उम्मीदें थीं उसमें वह खरा नहीं उतर पाए। आप रन बना सकते हैं, आप नहीं बना सकते, लेकिन इरादा और आक्रामकता होनी चाहिए। चाहता था कि वह गेंदबाजों को थका दे।

उन्होंने आगे कहा कि मैं चाहता हूं कि आप गेंद को पुराना बनाएं। अपने साथियों की मदद करें और रन न बनने पर भी डटे रहें। 100 गेंदें खेलें, गेंदबाजों को थकाएं। आपकी टीम का योगदान यही है (होना चाहिए)। लबुछेन और मैकस्वीनी ने ऐसा किया कुछ गेमों में बहुत सारी डॉट गेंदें खेलकर उन्होंने वास्तव में बुमराह को थका दिया। बद्रीनाथ ने यह भी आरोप लगाया कि अगर शुभमन गिल तमिलनाडु से होते तो उन्हें हटा दिया गया होता। उन्होंने कहा कि अगर शुभमन गिल तमिलनाडु से होता तो उसे हटा दिया गया होता।

आलोचनाओं के साथ-साथ शुभमन गिल की फील्डिंग भी सुर्खियों में आ गई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने मैदान में गिल के प्रदर्शन की आलोचना की और दावा किया कि वह स्लिप में भी अविश्वसनीय हैं और टीम में उनके समग्र योगदान पर सवाल उठा रहे हैं। बद्रीनाथ ने बताया कि गिल न केवल बल्ले से संघर्ष करते दिखे बल्कि 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने क्षेत्ररक्षण कर्तव्यों को पूरा करने में भी असफल रहे। बद्रीनाथ ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि आपको वहां जाकर यह नहीं कहना चाहिए, %ओह, मैं ऐसे ही खेलता हूं। मैं खड़ा रहूंगा और प्रदर्शन करूंगा। चार लोग इसके बारे में लिखेंगे। उस समय आप जो भी कर सकते हैं, आप कोशिश करें और इस श्रृंखला में, मुझे यह शुभमन से नहीं मिला। मैदान पर भी उनका खराब प्रदर्शन रहा। वह टीम के लिए क्या योगदान दे रहे हैं?





## पायल को मिला बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड, फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को क्रिटिक्स ने सराहा

**पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हो चुकी हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में खूब तारीफें बटोरने और अवॉर्ड जीतने के बाद यह फिल्म गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स पाने की दौड़ में शामिल है। हाल ही में पायल कपाड़िया को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है।**

### क्रिटिक्स की मिली है सराहना

पायल कपाड़िया को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड नेशनल सोसाइटी ऑफ फिल्म क्रिटिक्स की तरफ से मिला है तो इसका मतलब है कि उनकी फिल्म को क्रिटिक्स द्वारा पसंद किया गया है। यह फिल्म शुरुआत से ही प्रशंसकों के साथ आलोचकों को भी पसंद आई है। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो इसमें मुंबई के बैकड्रॉप को लेकर आम महिलाओं के संघर्ष और जीवन को बहुत ही उम्दा तरीके से दिखाया गया है। पायल का डायरेक्शन भी बिल्कुल हटकर है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में कनी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, छाया कदम जैसी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। इन सभी ने अपनी रोल को बहुत ही उम्दा तरीके से पर्दे पर निभाया है। खासकर कनी और दिव्या का काम दर्शकों को खूब भाया है।

### अब ग्लोडन ग्लोब का इंतजार

अब 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में भी भारतीय दर्शकों की नजर पायल कपाड़िया की फिल्म पर टिकी हुई है। फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट को अवॉर्ड मिले, ऐसा हर मूवी लवर की ख्वाहिश है। दरअसल, पायल की फिल्म को आस्कर में नॉमिनेट होने का मौका नहीं मिला था, ऐसे में भारतीय सिनेप्रेमी चाहते हैं कि 82वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट अवॉर्ड जरूर जीत जाए।

### दो कैटेगिरी में नॉमिनेशन

गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' का नॉमिनेशन दो कैटेगिरी में हुआ है, एक बेस्ट डायरेक्टर और दूसरी बेस्ट मोशन पिक्चर (नॉन इंग्लिश लैंग्वेज)। यह अवॉर्ड्स फंक्शन 6 जनवरी 2024 को टेलीकास्ट होगा।



## एनिमल के विवाद को दरकिनार कर तृप्ति ने बताई फिल्म करने की असल वजह

तृप्ति डिमरी ने अपने छोटे से करियर में काफी लोकप्रियता हासिल की है। लैला मजनू से स्क्रीन पर डेब्यू करने वाली तृप्ति को संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म एनिमल से काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई थी। हालांकि, फिल्म को काफी विवादों का सामना करना पड़ा था और इसे एंटी फेमिनिस्ट फिल्म भी कहा गया था, लेकिन तृप्ति का कहना है कि उन्होंने एनिमल को महिला विरोधी फिल्म के रूप में नहीं बल्कि एक बड़ी फिल्म के रूप में देखा था।

एनिमल को महिला विरोधी फिल्म नहीं मानतीं तृप्ति हाल ही में, फिल्मफेयर के साथ एक साक्षात्कार में तृप्ति ने कहा, मैंने इसे नारीवाद विरोधी फिल्म के तौर पर नहीं देखा। मैं फिल्मों को ऐसे टैग नहीं देती। बुलबुल और कला करते समय भी मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नारीवादी फिल्म कर रही हूं। मैं किरदारों से जुड़ी, निर्देशकों पर भरोसा किया और मुझे लगा कि मुझे यह फिल्म करनी चाहिए।

### रोल के साथ करना था एक्सपेरिमेंट

एनिमल में काम करने को लेकर अभिनेत्री ने कहा, जब मुझे एनिमल ऑफर किया गया था, तब भी मैं संदीप सर से मिली थी और उन्होंने मुझे कहानी के बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया, उन्होंने मेरे किरदार के बारे में बताया। मेरे लिए, जो बात सबसे अलग थी, वह यह थी कि मैंने अब तक सिर्फ अच्छे और अच्छे लोगों की भूमिकाएं ही की हैं और मुझे लगा कि यह एक अच्छा मौका है, जहां मैं और किरदार भी निभा सकती हूं।

### फिल्म में जोया का किरदार लगा चैलेंजिंग

फिल्म में जोया की भूमिका के बारे में बताते हुए तृप्ति ने कहा, वंगा सर ने मुझे कुछ बहुत ही दिलचस्प बात बताई। वह मेरी आंखों में मासूमिय देखना चाहते थे, लेकिन मेरे दिल में वह मिशन होना चाहिए, जिसे मैं पूरा करना चाहती हूं। मैं वहां कैसे पहुंचूं, यह मेरा काम था। मुझे यह काफी चैलेंजिंग लगा, इसी वजह से मैंने हां कहा।

### बड़ी फिल्म करना चाहती थीं तृप्ति

हालांकि, आगे इंटरव्यू में अभिनेत्री ने यह बात मानी कि वह एक बड़ी फिल्म करना चाहती थीं। अभिनेत्री ने कहा, उस समय, एक बड़ी फिल्म मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। शायद, मुझे कुछ नया सीखने को मिलेगा और मुझे यह भी देखने को मिलेगा कि बड़ी फिल्में कैसे बनती हैं।

## इस दिन से ड्रैगन की शूटिंग शुरू करेंगे जूनियर एनटीआर



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में देवरा में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे और फिलहाल वह बॉलीवुड फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह खलनायक बन बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस विशेष के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, इस बीच जूनियर एनटीआर के पास प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक पैन इंडिया फिल्म भी है, जिस पर नया अपडेट सामने आया है। यह जूनियर एनटीआर की 31वीं फिल्म होगी। एनटीआर 31 का संभावित शीर्षक ड्रैगन है। यह एक एक्शन फिल्म होगी। वहीं, अब फिल्म को लेकर ताजा जानकारी इसकी शूटिंग के बारे में सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्रैगन की शूटिंग 16 जनवरी 2025 से शुरू होने की उम्मीद है और यह शेड्यूल मंगलुरु में होगा। हालांकि, इस खबर पर निर्माताओं या खुद अभिनेता जूनियर एनटीआर की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। इस पर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।



## पर्सनल लाइफ को लेकर बोलीं शालिनी पासी

शालिनी पासी ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने जल्दी शादी होने पर भी बात की। शालिनी ने शाहरुख खान और गौरी खान को लेकर कहा- मेरी काफी कम उम्र में शादी हो गई थी और उस टाइम गौरी ने मुझे काफी सपोर्ट किया था। शालिनी पासी ने मोजो स्टोरी में बरखा दत्त से बातचीत करते हुए कहा कि शाहरुख खान और गौरी खान उनके फैमिली फ्रेंड हैं। शालिनी के पति संजय पासी और शाहरुख खान स्कूल टाइम से दोस्त हैं।

### रिश्तों को लेकर काफी मूडी हूं

उन्होंने कहा- संजय रिश्तों को लेकर काफी अच्छे हैं, जबकि मुझे अपने में रहना ज्यादा पसंद है। मैं बहुत ज्यादा मूडी हूं। संजय लोगों के साथ कॉन्टेक्ट बनाने में माहिर हैं, जबकि मैं ऐसा नहीं हूं। मैं किसी के लिए 100% अवेलेबल रहती हूं, लेकिन ये सब मेरे मूड पर डिपेंड करता है। शालिनी पासी ने आगे कहा- 'शाहरुख खान और गौरी के केस में ऐसा नहीं है। वो दिल्ली के रहने वाले लोग हैं, जिन्होंने बॉम्बे में काफी नाम कमाया है। फिर भी वो दोनों अपने सभी दोस्तों के साथ कॉन्टेक्ट में हैं जो काफी अच्छा है। गौरी ने मुझे हर टाइम सपोर्ट किया है। मेरी शादी बहुत छोटी उम्र में हो गई थी और गौरी मुझे हमेशा अपना एग्जांपल देकर समझाती थीं। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मुझे पता था कि मैं उन पर ट्रस्ट कर सकती हूं।'

### नेटफ्लिक्स के शो में नजर आई थीं शालिनी

शालिनी पासी नेटफ्लिक्स के फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स के तीसरे सीजन में डेब्यू करने के बाद से काफी चर्चा में हैं।

### 20 साल की कम उम्र में हुई थी शादी

बता दें, शालिनी ने 20 साल की उम्र में बिजनेसमैन संजय पासी से शादी कर ली थी। उन्होंने 21 साल की उम्र में एक बेटे को जन्म दिया था। उनका बेटा अब 27 साल का है। शालिनी ने कम उम्र में शादी करने के फैसले को सही बताया है।




## टाइगर श्रॉफ ने अपने गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक झलक साझा की

**टाइगर श्रॉफ अपने अभिनय कौशल के अलावा अपनी बेहतरीन फिटनेस, जबरदस्त एक्शन दृश्यों और शानदार डांस मूव्स के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपने गहन प्रशिक्षण के बारे में जानकारी साझा की।**

टाइगर श्रॉफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहद प्रभावशाली किक करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया। उन्हें अपने ट्रेनर पर शक्तिशाली किक मारते हुए हवा में उछलते हुए देखा जा सकता है। उन्हें बड़े स्क्रीन पर ऐसा कुछ करते हुए देखना दिलचस्प होगा। वीडियो के साथ बागी अभिनेता ने एक नोट लिखा, जिसमें लिखा था, आमतौर पर मुझे अपने किसी भी कौशल पर गर्व नहीं होता..लेकिन, यह एक ऐसा है जिसके बारे में मुझे आश्चर्य है कि मैंने इसे अभी तक क्यों नहीं देखा...भाईजान बच गए सॉरी नदीम अख्तर। इसके बाद नेटिजेंस ने टाइगर श्रॉफ के इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में टिप्पणियों की बाढ़ ला दी, जैसे कि मैं आपका सबसे बड़ा प्रशंसक हूं सर टाइगर श्रॉफ मैं आपसे प्यार करता हूं, फ्लाइंग मशीन, अद्भुत भाई...सुपर मूव, बड़ा प्रशंसक सर, और आप पर वीर हनुमान बजरंग बली का आशीर्वाद है।

टाइगर श्रॉफ समय-समय पर इंटरनेट पर अपनी फिटनेस यात्रा के ऐसे प्रेरक वीडियो डालने के लिए जाने जाते हैं। काम के मोर्चे पर अगर हम बात करें तो टाइगर श्रॉफ वर्तमान में अपनी आगामी एक्शन एंटरटेनर, बागी 4 के लिए तैयार हैं। लोकप्रिय बागी सीरीज की चौथी किस्त में संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज़ संधू मुख्य कलाकार के रूप में नजर आएंगे। ए हर्षा के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस ड्रामा को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है, जबकि स्वामी जे गौड़ा ने सिनेमैटोग्राफी का काम संभाला है। पूर्व मिस यूनिवर्स हरनाज संधू भी बागी 4 के साथ बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। टाइगर एक बार फिर इस फ्रैंचाइजी की नवीनतम किस्त में रॉनी के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे।



## अक्षय कुमार को अपकमिंग फिल्मों से उम्मीद, क्या हिट एक्टर की लिस्ट में शामिल हो पाएंगे अभिनेता?

**बॉलीवुड में साल 2025 की शुरुआत में अक्षय कुमार की एक फिल्म सिनेमाघरों में नजर आएगी। साल भर भी अक्षय की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। क्या ये फिल्में खिलाड़ी कुमार के करियर पर लगे रहे फ्लॉप के ठप्पे को दूर कर पाएंगी? पिछले दो सालों में अक्षय कुमार के खाते में हिट कम, फ्लॉप फिल्में ज्यादा रही हैं। ऐसे में साल 2025 क्या अक्षय कुमार के करियर के लिए एक बेहतर साल साबित होगा या नहीं, यह उनकी फिल्मों की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट की बताएगी। साल 2025 में अक्षय कौन सी फिल्मों में नजर आएंगे?**

### स्कॉय फोर्स

साल 2025 में अक्षय कुमार की फिल्म 'स्कॉय फोर्स' दर्शकों को देखने को मिलेगी। 24 जनवरी को यह फिल्म रिलीज हो रही है, 26 जनवरी की छुट्टी का फायदा भी फिल्म को मिल सकता है। साथ ही गणतंत्र दिवस के मौके पर देशभक्ति की कहानी वाली फिल्म दर्शक देखने आ ही सकते हैं। फिल्म को लेकर उत्सुकता भी देखी जा रही है, सोशल मीडिया में इसके ट्रेलर को लेकर काफी क्रेज देखा गया है।

### सी शंकरन पर फिल्म

वकील और पॉलिटिशियन रहे सी. शंकरन पर आधारित एक फिल्म में भी अक्षय कुमार नजर आएंगे। इसमें उनके साथ एक्टर आर. माधवन भी होंगे। फिल्म को लेकर अभी अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन सब्जेक्ट इंट्रेस्टिंग जरूर लग रहा है।

### जॉली एलएलबी 3

'जॉली एलएलबी' सीरीज की फिल्मों का अपना अलग एक दर्शक वर्ग है। इस सीरीज की पहली फिल्म में अरशद वारसी नजर आए, दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार थे। अब 'जॉली एलएलबी 3' में अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों ही नजर आएंगे। इस तरह दर्शकों को कॉमेडी की डबल डोज फिल्म में मिल सकती है।

### हाउसफुल 5

हाउसफुल सीरीज की फिल्मों का भी हिस्सा अक्षय कुमार लंबे समय से बने हुए हैं। साल 2025 में वह 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे, इसमें बॉलीवुड एक्टर्स की एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग खत्म हुई है। हाउसफुल सीरीज की फिल्मों में अक्षय की कॉमेडी दर्शकों को भाती है, इस साल भी हो सकता है कि वह दर्शकों को एंटरटेन कर पाएं।

### कन्नपा

तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में अक्षय कुमार कैमियो करेंगे। वह फिल्म में भगवान शिव की भूमिका निभा सकते हैं। यह बात फिल्म के ट्रेलर के जरिए पता चली है। फिल्म में साउथ के कई नामी कलाकार भी नजर आने वाले हैं।

## अनुपमा शो छोड़ रहीं रूपाली गांगुली? अभिनेत्री ने बताया सच



अनुपमा शो से कई महीनों से लगातार कई कलाकार बाहर हो चुके हैं, वहीं, अब खबरें आ रही थीं कि खुद रूपाली गांगुली भी शो छोड़ देंगी। वहीं, अब खुद अभिनेत्री ने ही इन खबरों का खंडन कर सच बताया है। रुपाली ने कहा- वाह, लोगों की सोच को मैं सराहती हूं, आप सभी का धन्यवाद कि आप मेरे बारे में और शो के बारे में बात कर रहे हैं। मैं क्या कहूं? हर इंसान का एक कोर होता है और मेरा कोर, मेरा विश्वास है, रूपाली ने प्रोडूसर राजन शाही की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा- अनुपमा सिर्फ एक शो नहीं है मेरे लिए, यह एक भावना है, मेरा घर है, मेरा दूसरा घर, मेरे सारे पेट डॉग्स यहीं हैं और पूरी यूनिट एक परिवार बन गई है। क्या कोई अपना परिवार, घर छोड़ता है और भगवान न करे, ऐसा कभी जिंदगी में हो, अगर कभी राजन जी कह दें कि उन्हें मेरी जरूरत नहीं है तो शायद मैं उनसे लड़ाई करूं, बहस करूं और कहूं, प्लीज मुझे अनुपमा में रहने दीजिए।